

पुलिस कार्यालय में एसपी ने सुनीं फरियादियों की ..... पेज: 6

सब का सपना

निष्पक्ष व निडर - हिंदी दैनिक समाचार पत्र



'आई प्ले रॉकी के प्रीमियर पर कार्तिक आर्यन ने दिया... पेज: 8

वर्ष : 02 | अंक : 226 | शुक्रवार 20 नवम्बर 2026 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 08 | मूल्य: 2 रुपए

ट्रम्प-जिनपिंग और पुतिन की पहली बार एक साथ मीटिंग

जिनपिंग बोले- परमाणु हथियार इंसान के सिर पर लटकती तलवार, इन्हें खत्म करें



शेनझेन। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प, चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने चीन के शेनझेन शहर में ऐतिहासिक बैठक की। यह पहली बार हुआ जब तीनों नेताओं ने एक साथ त्रिपक्षीय बैठक की।

मीटिंग में सबसे पहले परमाणु हथियारों के खतरों पर बातचीत हुई। जिनपिंग ने परमाणु हथियारों को इंसानियत के सिर पर लटकती तलवार बताया। उन्होंने कहा कि इन्हें पूरी तरह खत्म कर देना चाहिए।

पुतिन ने कहा कि रूस, चीन और अमेरिका तीनों ने दूसरे विश्व युद्ध में जीत हासिल की थी। इसलिए दुनिया में शांति और सुरक्षा बनाए रखने की जिम्मेदारी भी इन तीनों देशों की है। ट्रम्प ने कहा कि वे इस बात से बेहद खुश हैं कि तीनों देशों के बीच पहली बार त्रिपक्षीय बैठक हो रही है। यह इतिहास रचने जैसा है।

बैठक करीब 80 मिनट चली

चीन के सरकारी चैनल के मुताबिक, जिनपिंग, ट्रम्प और पुतिन के बीच हुई त्रिपक्षीय बैठक



खत्म होने के बाद ट्रम्प का काफिला किलिन विला से एयरपोर्ट के लिए रवाना हुआ। यह बैठक करीब 80 मिनट चली।

मोदी बोले- किसानों और कारोबारियों को गाली देने से देश नहीं बढ़ता

हमने 12 साल में इकोनॉमी बदली

राहुल ने कहा था- भारत आर्थिक संकट की ओर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि किसानों और कारोबारियों को गाली देने से देश आगे नहीं बढ़ता। उन्होंने कहा कि पिछले 12 साल में भारत की इकोनॉमी बदली है और 50 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। पीएम का यह बयान राहुल गांधी के आरोपों के एक दिन बाद आया है। राहुल ने बुधवार को न्यूयॉर्क की कोलंबिया यूनिवर्सिटी में कहा था कि भारत आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है। इसके पीछे बड़े पैमाने पर बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी खामियां हैं।

50 करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर निकले-पीएम मोदी ने कहा कि 1970 के दशक में गरीबी हटाओ का नारा दिया गया था, तब भारत की आबादी करीब 50 करोड़ थी। लेकिन अर्थव्यवस्था पिछले 12-13 साल में बदली है। आज 50 करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर निकले हैं। पीएम ने कहा कि कुछ कंपनियां विदेशों के लिए बेहतर और भारत के लिए कम गुणवत्ता वाले उत्पाद बनाती हैं। इस सोच को बदलना होगा।



ग्लोबल मार्केट के अवसरों का फायदा उठाएं

प्रधानमंत्री ने कारोबारियों से घरेलू बाजार तक सीमित न रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि कंपनियों को दूसरे देशों की जरूरतों और ग्राहकों की पसंद समझकर उत्पाद तैयार करने चाहिए। मोदी ने कहा कि सरकार रिफॉर्म एक्सप्रेस के जरिए लगातार सुधार कर रही है। उन्होंने कारोबारियों से बिना झिझक अपनी समस्याएं और सुधारों से जुड़े सुझाव देने को कहा। सरकार उनके साथ खड़ी है। पीएम ने कहा कि कंपनियों को ऐसे उत्पाद बनाने चाहिए, जो ग्राहकों की जरूरतों के मुताबिक हों और इस्तेमाल में आसान हों। इसके लिए बेहतर रिसर्च और नई तकनीक अपनाना जरूरी है।



सोना 1.30 लाख के नीचे आज 1,179 सस्ता हुआ

7 दिन में दाम 12 हजार गिरे, हफ्तेभर में चांदी 24 हजार सस्ती

नई दिल्ली, एजेंसी। सोने-चांदी की कीमतों में लगातार गिरावट जारी है। सोना पिछले 7 कारोबारी दिनों में करीब 12 हजार रुपए और चांदी करीब 24 हजार रुपए सस्ती हो चुकी है। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, गुरुवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,179 रुपए घटकर 1.30 लाख रुपए से नीचे आ गई। वहीं, एक किलो चांदी का भाव 2,158 रुपए गिरकर 1.62 लाख रुपए रह गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर मजबूत होने और बड़े निवेशकों के ऊंची कीमतों पर सोना-चांदी बेचने से इनके दाम गिर रहे हैं।

रिकॉर्ड हाई से से 2.18 लाख रुपए गिरी चांदी

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। चांदी की कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.80



लाख रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से अब तक चांदी 2.18 लाख रुपए यानी करीब 130% सस्ती हो गई है। वहीं, 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1.33 लाख रुपए था, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 46 हजार रुपए यानी करीब 35% सस्ता हो चुका है।

राहुल अमेरिका में बोले-

2024 का लोकसभा चुनाव अवैध था..लेकिन चुनाव का कभी बायकॉट नहीं करेंगे, ऐसा करते ही लोकतंत्र खत्म हो जाएगा

न्यूयॉर्क/नई दिल्ली। राहुल गांधी ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव वैध नहीं था। इसमें कई फर्जी मतदाता थे। उन्होंने दावा किया कि एक ब्राजीलियाई महिला, जो कभी भारत नहीं आई, उसने एक विधानसभा चुनाव में 23 बार वोट डाला। राहुल से पूछा गया कि चुनाव में गड़बड़ी के बावजूद विपक्ष उनका बायकॉट क्यों नहीं करता? इस पर उन्होंने कहा, 'भारतीय लोकतंत्र हमारे लिए पवित्र है। अगर हमने चुनावों का बायकॉट करने का फैसला किया, तो उसी पल भारतीय लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। हम लोकतंत्र को खत्म नहीं करना चाहते। हमारी स्ट्रैटजी है कि हम लड़ें और भारत के लोगों को बताएं कि देश में क्या चल रहा है।' राहुल गांधी ने यह बात गुरुवार को यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो में प्रोफेसर रॉबर्ट पेप के साथ हुए संवाद के दौरान कही।

बहिष्कार का कदम नहीं उठा रहे...

राहुल ने कहा कि हम जानबूझकर चुनावी बहिष्कार का कदम नहीं उठा रहे हैं और हमें भरोसा है। चुनाव आयोग खुद अब अंदर से हमें जानकारी दे रहा है। इसलिए यह ढांचा कब ढहेगा, यह सिर्फ समय की बात है। चुनाव आयोग में वरिष्ठ लोग अब कह रहे हैं कि हम यह और नहीं कर सकते।'



भारत में हिंदुओं की हिस्सेदारी घटेगी, अमेरिका में दोगुनी हो जाएगी

इस्लाम 2035 तक दुनिया का सबसे बड़ा धर्म होगा

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर धार्मिक आबादी में हो रहे बदलावों को लेकर अमेरिका की प्यू रिसर्च सेंटर की नई रिपोर्ट सामने आई है। इसके मुताबिक, दुनिया की आबादी 2050 तक 9.30 अरब पहुंच सकती है, जो 2010 में करीब 6.90 अरब थी। रिपोर्ट के मुताबिक, 2010 के मुकाबले 2050 तक मुस्लिम आबादी करीब 73% बढ़ सकती है। यानी मुसलमानों की आबादी 1.6 अरब से बढ़कर लगभग 2.76 अरब हो जाएगी। 2020 से 2050 के बीच भारत में हिंदुओं की आबादी 17.6 करोड़ बढ़ने का अनुमान है। हालांकि, देश की कुल आबादी में हिंदुओं की हिस्सेदारी घटने का अनुमान है। इसके बावजूद 2070 तक हिंदू भारत की कुल आबादी के तीन-चौथाई से ज्यादा बने रहेंगे। इस दौरान अमेरिका में हिंदुओं की आबादी दोगुनी हो जाएगी।



अमेरिका में 90 लाख हो जाएगी हिंदू आबादी

अमेरिका में भी हिंदुओं की आबादी दोगुने से ज्यादा होने का अनुमान है। 2020 में यहां करीब 40 लाख हिंदू थे, जिनकी संख्या 2070 तक बढ़कर 90 लाख हो सकती है। इस क्षेत्र की कुल आबादी में हिंदुओं की हिस्सेदारी 1 प्रतिशत से बढ़कर 2 प्रतिशत होने का अनुमान है।अफ्रीका और लैटिन अमेरिका एवं कैरेबियन ऐसे क्षेत्र होंगे, जहां हिंदुओं की कुल संख्या में गिरावट आने की संभावना है।

मुस्लिम महिलाओं के औसतन बच्चों की संख्या ज्यादा

प्यू रिसर्च सेंटर के मुताबिक, पिछले कुछ दशक में भारत की कुल प्रजनन दर में गिरावट आई है। हालांकि, मुस्लिम महिलाओं के औसतन बच्चों की संख्या हिंदू महिलाओं से अधिक है। इसके अलावा भारत में मुस्लिम आबादी का आयु वर्ग भी अपेक्षाकृत युवा है। इन दोनों कारणों से आने वाले दशकों में देश की आबादी में मुस्लिमों का अनुपात बढ़ने और हिंदुओं की हिस्सेदारी में मामूली कमी आने का अनुमान है। प्यू रिपोर्ट में यह भी अनुमान लगाया गया है कि 2035 तक इस्लाम दुनिया का सबसे बड़ा धर्म बन सकता है। फिलहाल दुनिया में 2.27 अरब ईसाई और 2.02 अरब मुस्लिम हैं। अनुमान है कि 2035 तक मुस्लिम आबादी बढ़कर 2.57 अरब और ईसाई आबादी 2.52 अरब हो जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, मुस्लिम महिलाओं की प्रजनन दर सबसे ज्यादा है। 2020 से 2025 के बीच मुस्लिम महिलाओं में प्रति महिला औसतन 3.1 बच्चे पैदा हुए, जबकि ईसाई महिलाओं में यह आंकड़ा 2.5 और अन्य धर्मों में 1.6 रहा। प्यू के अनुमान के मुताबिक, 2070 तक दुनिया में मुस्लिमों की आबादी 3.6 अरब से ज्यादा हो सकती है।

दाऊद के पुश्तैनी घर 'मुसाफिरखाना' पर बुलडोजर एक्शन रोका गया

बॉम्बे हाईकोर्ट का आदेश, बीएमसी ने गुरुवार को कार्रवाई शुरू की थी

इमारत मस्जिद का हिस्सा भी था शामिल



मुंबई। मुंबई में अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के के पुश्तैनी घर 'मुसाफिरखाना' को गिराने पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। कोर्ट ने 23 नवंबर तक इमारत की मौजूदा स्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। यह इमारत दक्षिण मुंबई के भिंडी बाजार इलाके की पाकमोडिया स्ट्रीट पर स्थित है। बृहन्मुंबई नगर निगम यानी बीएमसी ने गुरुवार को भारी पुलिस सुरक्षा के बीच इमारत को गिराने की कार्रवाई शुरू की थी। इमारत को गिराने की कार्रवाई सड़क चौड़ीकरण से भी जुड़ी है। यह मकान मस्जिद का हिस्सा है। बीएमसी ने कहा था कि इमारत का केवल जर्जर हिस्सा गिराया जाएगा। मस्जिद को नहीं तोड़ा जाएगा।

1939 में बनी थी इमारत, सी-1 श्रेणी में रखा गया

हाजी इस्माइल हाजी हबीब मुसाफिरखाना नाम की यह इमारत 1939 में बनी थी। बीएमसी ने इसे जर्जर और खतरनाक घोषित करते हुए सी-1 श्रेणी में रखा था। इस श्रेणी में ऐसी इमारतें आती हैं जिन्हें खतरनाक मानकर गिराना जरूरी होता है। बीएमसी ने 18 और 19 नवंबर को इमारत गिराने की योजना बनाई थी। कार्रवाई के लिए मौके पर बड़ी संख्या में निगम कर्मचारी और पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे।पूरी इमारत को चारों तरफ से नीली टिन की चादरों से ढक दिया गया था। अधिकारियों के मुताबिक, भारी पुलिस सुरक्षा के बीच तोड़फोड़ की कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से शुरू हुई थी।

तूफान अकवान से पहले ओडिशा से 80 हजार लोग शिफ्ट

6 जिलों में 3 दिन स्कूल-आंगनवाड़ी बंद, 10 राज्यों में असर की आशंका, 110 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी हवाएं

विशाखापट्टनम/चेन्नई/भुवनेश्वर। *चक्रवाती तूफान अकवान के खतरे को देखते हुए ओडिशा और आंध्र प्रदेश समेत कई राज्यों में प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। ओडिशा में करीब 80 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। वहीं, छह जिलों में 21 नवंबर तक स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। तूफान का असर देश के 10 राज्यों में देखने को मिल सकता है। इससे निपटने के लिए 74 रेस्क्यू टीमों को तैनात किया गया है।*

मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक, चक्रवात के आज आंध्र प्रदेश के नरसापुर और ओडिशा के पुरी के बीच तट से टकराने की आशंका है। इस दौरान हवा की रफ्तार 90 से 110 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। तेज हवाओं के साथ भारी बारिश और समुद्र में ऊंची लहरें उठने का खतरा है। इससे पहले गुरुवार को न्यूज एजेंसी एएनआई ने तूफान के तट से टकराने का अनुमान जताया था। चक्रवात के प्रभाव से ओडिशा, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में बारिश का दौर शुरू हो गया है। नौसेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और अन्य राहत एजेंसियां अलर्ट पर हैं। रेलवे ने भी एहतियातन तीन ट्रेनों के रवाना होने के समय में बदलाव किया है। मछुआरों को समुद्र में नहीं जाने की सलाह दी गई है।



10 राज्यों में दिखेगा तूफान का असर

1. **आंध्र प्रदेश :** चक्रवात का सबसे ज्यादा असर आंध्र प्रदेश में होने की आशंका है। आज तटीय इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है।
2. **ओडिशा :** आज और कल राज्य में भारी बारिश का अनुमान है। गंजाम, गजपति, रायगढ़ा, कोरापुट और मलकानगिरी में ज्यादा असर हो सकता है। निचले इलाकों में जलभराव और पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन का खतरा है।
3. **तमिलनाडु :** उत्तरी तमिलनाडु में भी भारी बारिश हो सकती है। चेन्नई सहित तटीय इलाकों में जलभराव की आशंका है।
4. **पुडुचेरी :** पुडुचेरी और कराईकल में आज भारी बारिश और तेज हवाएं चलने का अनुमान है। समुद्र में ऊंची लहरें उठ सकती हैं। मछुआरों को समुद्र में जाने से रोका गया है।
5. **तेलंगाना :** राज्य के पूर्वी हिस्सों में आज और 21 नवंबर को भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। निचले इलाकों में जलभराव और स्थानीय बाढ़ का खतरा है।
6. **पश्चिम बंगाल :** दक्षिण 24 परगना, पूर्वी मिदनापुर, पश्चिमी मिदनापुर और झारग्राम में आज भारी बारिश हो सकती है।
7. **झारखंड :** आज और कल कुछ इलाकों में बारिश और कहीं-कहीं भारी बारिश होने का अनुमान है।
8. **छत्तीसगढ़ :** यहां तूफान सीधे नहीं टकराएगा, लेकिन आज और कल दक्षिणी और उत्तरी जिलों में बारिश हो सकती है।
9. **बिहार :** गया, नवादा समेत पांच जिलों में आज और 21 नवंबर को बारिश की संभावना है।
10. **मध्य प्रदेश :** राज्य के पूर्वी हिस्सों में अगले दो दिनों तक बारिश और आंधी का असर देखने को मिल सकता है।

हिंसा, शोषण और अभाव से मुक्त हो भारत का बचपन

विश्व बाल दिवस



ललित गर्ग

विश्व बाल दिवस का वास्तविक अर्थ तभी पूरा होगा जब भारत में ऐसा वातावरण बने जहां हर बच्चा सुरक्षित हो, सुना जाए, सम्मान पाए, पढ़ सके, खेल सके, अपनी प्रतिभा विकसित कर सके और बिना भय के सपने देख सके। हमें बच्चों को अपने सपनों के अनुसार जीने का अवसर देना होगा, अपने सपनों के अनुसार ढालने का नहीं। बचपन किसी राष्ट्र की प्रतीक्षा करती हुई सुबह है। यदि उस सुबह पर हिंसा, शोषण, भूख और भय के बादल छा गए तो विकसित भारत का सूर्योदय अधूरा रहेगा।

हम में से प्रत्येक को बच्चों के अधिकारों की वकालत करने, उन्हें बढ़ावा देने, उनके शोषण को रोकने, उनका समग्र विकास करने और बच्चों का उत्सव मनाने के लिए एक प्रेरणादायी अवसर के रूप में विश्व बाल दिवस है, यह उस समाज की आत्मपरीक्षा का अवसर है, जो अपने भविष्य को बच्चों की आंखों में देखता है। 20 नवंबर को मनाया जाने वाला यह दिवस हमें याद दिलाता है कि बच्चे केवल परिवार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं। वर्ष 2026 की थीम ÷मेरा दिन, मेरे अधिकार, मेरा भविष्य' है। इसी बुनियादी प्रश्न को सामने रखती है कि क्या हमारे बच्चों को वास्तव में अपने अधिकारों के साथ जीने, सपने देखने और अपना भविष्य गढ़ने का अवसर मिल रहा है? भारत में बचपन की तस्वीर विरोधाभासों से भरी है। एक ओर महानगरों के वातानुकूलित कमरों में पलते बच्चे आधुनिक शिक्षा, तकनीक और सुविधाओं से घिरे हैं, तो दूसरी ओर फुटपाथ, झुग्गियों, कारखानों, ढाबों और खेतों में ऐसे बच्चे भी हैं जिनके हाथों में किताब की जगह औजार हैं। किसी बच्चे के लिए बचपन खेल, शिक्षा और परिवार का स्नेह है, तो किसी के लिए भूख, श्रम, हिंसा और असुरक्षा से जूझने का नाम। यह असमानता केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना की भी परीक्षा है।

सबसे गंभीर चुनौती बाल हिंसा और मानसिक दबाव की है। हिंसा का अर्थ केवल बच्चे को पीटना नहीं है। लगातार डांटना, अपमानित करना, डराना, उसकी तुलना दूसरे बच्चों से करना, उसकी इच्छा और प्रतिभा को नकारना तथा हर समय परिणाम का दबाव बनाना भी हिंसा के ही रूप हैं। आज अनेक अभिभावक चाहते हैं कि उनका बच्चा डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस या किसी प्रतिष्ठित पेशे में जाए। महत्वाकांक्षा गलत नहीं, लेकिन जब माता-पिता की अधूरी इच्छाओं का बोझ बच्चे के कंधों पर रख दिया जाता है, तब शिक्षा विकास का माध्यम न रहकर तनाव का कारण बन जाती है। स्कूल भी इससे अछूते नहीं हैं। अनुशासन के नाम पर अपमान, डर और कठोरता बच्चे के व्यक्तित्व को भीतर से तोड़ सकती है। जिस विद्यालय में बच्चे को प्रश्न पूछने, गलती करने और फिर सीखने का अवसर मिलना चाहिए, वहां भय का वातावरण उसकी रचनात्मकता को कुंठित कर देता है। हमें यह समझना होगा कि डर से आज्ञाकारी बच्चा तो



बनाया जा सकता है, लेकिन आत्मविश्वासी नागरिक नहीं।

भारत में बाल मजदूरी, बाल तस्करी, यौन शोषण और भिक्षावृत्ति जैसी समस्याएं आज भी हमारी सामूहिक चेतना एवं राजनीतिक नेतृत्व पर प्रश्नचिह्न हैं। आर्थिक मजबूरी के कारण अनेक बच्चे शिक्षा से दूर होकर श्रम की दुनिया में पहुंच जाते हैं। कुछ खतरनाक उद्योगों और असुरक्षित कार्यस्थलों पर काम करने के लिए विवश होते हैं। कई बच्चे तस्करी के जाल में फंसकर अपने परिवार और बचपन दोनों से दूर हो जाते हैं। सबसे पीड़ादायक स्थिति उन बच्चों की है जिन्हें अपराध, भीख या यौन शोषण के अंधेरे में धकेल दिया जाता है। इन परिस्थितियों में उनसे केवल उनका वर्तमान नहीं छीना जाता, बल्कि भविष्य की संभावनाएं भी छीन ली जाती हैं। गरीबी बचपन की सबसे बड़ी चुनौती है, लेकिन गरीबी से भी बड़ी समस्या है अवसरों की असमानता। यदि किसी गरीब परिवार का बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य और सुरक्षित वातावरण से वंचित रहता है तो वह अपनी प्रतिभा का पूरा उपयोग कैसे करेगा? विकसित भारत का सपना तभी वास्तविक होगा जब विकास की रोशनी गांव, झुग्गी, श्रमिक परिवार और वंचित समुदाय के बच्चे तक पहुंचेगी। किसी राष्ट्र की प्रगति का सही पैमाना उसके सबसे कमजोर बच्चे की स्थिति है।

इसलिए बाल अधिकारों को केवल कानून की पुस्तकों तक सीमित रखने के बजाय घर, स्कूल और समाज की संस्कृति का हिस्सा बनाना होगा। बच्चे को यह विश्वास होना चाहिए कि वह अपनी समस्या बिना भय के माता-पिता, शिक्षक अथवा किसी विश्वसनीय व्यक्ति से कह सकता है। परिवार में संवाद की परंपरा विकसित करनी होगी। माता-पिता को बच्चों के साथ केवल उनकी पढ़ाई और परीक्षा की बात नहीं करनी चाहिए, बल्कि उनके डर, मित्रता, सपनों, असफलताओं और भावनाओं को भी सुनना चाहिए। शिक्षा व्यवस्था में भी बड़ा परिवर्तन आवश्यक है। शिक्षा का लक्ष्य केवल अंक और रोजगार नहीं, बल्कि संवेदनशील, आत्मनिर्भर, नैतिक और मानसिक रूप से स्वस्थ मनुष्य बनाना होना चाहिए। बच्चों को अधिकारों के साथ कर्तव्यों, संविधान, लैंगिक सम्मान, डिजिटल सुरक्षा, आत्मरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक किया जाना चाहिए। सरकार को बाल संरक्षण कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ बाल श्रम, तस्करी और यौन अपराधों के विरुद्ध तंत्र को और मजबूत करना होगा। गरीब बच्चों की शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य को आर्थिक सहायता से जोड़ना भी जरूरी है। हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि बच्चों की सुरक्षा केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। पड़ोस में किसी बच्चे से दुर्व्यवहार हो रहा हो, किसी दुकान या कारखाने में बाल मजदूर दिखाई दे, कोई बच्चा लगातार भय में जी रहा हो या उसके साथ शोषण की आशंका हो, तो ÷हमें क्या लेना-देना है÷ कहकर आगे बढ़ जाना सामाजिक अपराध के प्रति मौन स्वीकृति है। बच्चे की रक्षा के लिए समाज को संवेदनशील प्रहरी बनना होगा।

विश्व बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के सामने उभरती नई चुनौतियों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) भी एक गंभीर विषय बनकर सामने आई है। एआई शिक्षा, रचनात्मकता और ज्ञान-विस्तार का प्रभावी साधन हो सकता है, लेकिन उसका अनियंत्रित और अत्यधिक उपयोग बच्चों की सोचने-समझने की मौलिक क्षमता, कल्पनाशक्ति, एकाग्रता और निर्णय लेने की स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकता है। चैटबॉट पर अत्यधिक निर्भरता बच्चों को स्वयं प्रश्न पूछने, उत्तर खोजने और गलतियों से सीखने की प्रक्रिया से दूर कर सकती है। साथ ही, एआई से बने भ्रामक या अनुपयुक्त कंटेंट, डीपफेक, साइबर बुलिंग, ऑनलाइन शोषण, निजता के खतरे और बच्चों के मानसिक संसार पर बढ़ते डिजिटल दबाव जैसी चुनौतियां भी चिंता का विषय हैं। इसलिए आज आवश्यकता केवल बच्चों को एआई से परिचित कराने की नहीं, बल्कि उन्हें एआई के सुरक्षित, संतुलित और विवेकपूर्ण उपयोग की शिक्षा देने की है, ताकि कृत्रिम बुद्धिमत्ता बच्चों की बुद्धि का विकल्प नहीं, बल्कि उनकी प्रतिभा और रचनात्मकता को विकसित करने का सहायक माध्यम बने।

विश्व बाल दिवस का वास्तविक अर्थ तभी पूरा होगा जब भारत में ऐसा वातावरण बने जहां हर बच्चा सुरक्षित हो, सुना जाए, सम्मान पाए, पढ़ सके, खेल सके, अपनी प्रतिभा विकसित कर सके और बिना भय के सपने देख सके। हमें बच्चों को अपने सपनों के अनुसार जीने का अवसर देना होगा, अपने सपनों के अनुसार ढालने का नहीं। बचपन किसी राष्ट्र की प्रतीक्षा करती हुई सुबह है। यदि उस सुबह पर हिंसा, शोषण, भूख और भय के बादल छा गए तो विकसित भारत का सूर्योदय अधूरा रहेगा। इसलिए आज जरूरत केवल बाल दिवस मनाने की नहीं, बल्कि बचपन को बचाने की है। जिस दिन भारत के हर बच्चे की आंखों में भय की जगह विश्वास, हाथों में श्रम की जगह किताब और होंठों पर शिकायत की जगह मुस्कान होगी, उसी दिन हम कह सकेंगे कि हमने विश्व बाल दिवस की भावना को वास्तव में आत्मसात किया है।

संपादकीय

बेकाबू दरिया के किनारे

तपोवन की दोपहर में लोकतांत्रिक विरासत के अहम बिंदु अगर सदन के प्रांगण में सवाल खड़े करते रहे, तो राजनीतिक महत्त्वाकांक्षाओं का दरिया बेकाबू होने लगा है। मीडिया से रूबरू होते कुल्लू और नगरोटा बगवां के विधायक आखिर इशारों-इशारों में कह क्या रहे हैं। सुंदर सिंह ठाकुर के वक्तव्यों ने बता दिया कि उनका वजन क्या है, जबकि पहली बार विधायक बने आर एस बाली अपने दबाव को तोल रहे हैं। एक को मंत्री पद चाहिए, तो दूसरे को कांगड़ा की पतवार। विधानसभा चुनाव से सिर्फ कुछ महीनों या साल भर के शेष में अपना रुतबा डालने की कोशिश कमोबेश हर विधायक करेगा। सुंदर सिंह ठाकुर मंत्री बन सकते हैं, तो ऐसी कौनसी शक्तियां कांग्रेस में हैं जो उनकी 'झंडी' को तार-तार कर रही हैं। हैं कई खामोशियां तेरे वजूद में, तूने तो सिर्फ खुद को पुकारा है। हिमाचल के राजनीतिक माहौल में अब तरह-तरह की खिचड़ी पक रही है, तो आकाश की हवा बेचैन है। आश्चर्य यह कि सारी बेचैनियां पलकों पर सवार होकर जुबान को हौसला दे रही हैं। सुंदर सिंह का हौसला विधानसभा परिसर के बाहर परवान चढ़ा, तो सियासत का यह रंग अब बिखर सकता है। अगर विधायक दल की बैठक में कांग्रेस के मुद्दे बिफर कर, मीडिया से चुगलखोरी कर रहे हैं, तो पार्टी के भीतर एक विपक्ष खड़ा है। बाली ने कांगड़ा जिला के विभाजन को लेकर अपनी कमान सीधी की है, तो इस लश्कर में बड़ा सामान है। कम से कम जिले के पुनर्गठन पर सियासत की आरजू-सियासत की ही गलियों से युद्धरत है। बहरहाल यह इक्का दुक्का विधायकों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि राज्य के सामने खड़े अनेक मसले सदन के बाहर अपना कद बता रहे हैं। इससे पहले कि सरकार द्वारा पूर्व भाजपा के शासन काल पर श्वेत पत्र बाहर आता, विपक्ष ने जमीनी मसलों की लुकाछिपी में अपनी विस्तृत तकरीर रख दी है। कांगड़ा एयरपोर्ट के दायरे में बिकी जमीनें या पालमपुर से निकलते जमीन घोटाले के धुएं को माचिस दिखाकर, भाजपा की फेहरिस्त में धारा 118 के जबड़ों में विरोध के टुकड़े फंसे हैं। कम से कम हम सत्र की तासीर में कई आक्रमण देख सकते हैं।

जाहिर है चुनावी मुद्दे बनाने के लिए अब शेष बचे सत्रों का लोहा पिघलेगा, तो सामने वही पुराने आक्रोश बाहुबली हो जाएंगे। ऐसे में तपोवन परिसर इस बार विभिन्न अवसरों पर अपने ही शोरगुल से कानों को ढांपने की कोशिश कर रहा है। जो सदन में नहीं कहा जाएगा या जिसे सुनने की मशक्कत बढ़ जाएगी, उसके लिए बाहर के दरवाजे काम आएंगे। विडंबना यह है कि हिमाचल के लिए आम सहमति के मुद्दे कब परवान चढ़ेंगे। ऐसे हजारों दस्तखत दोनों ओर से मिल जाएं, अनुबंधों पर तराशा रोजगार मिल जाएगा, सत्ता की नियुक्तियों में कई नेताओं का उद्धार हो जाएगा, लेकिन प्रदेश की साझी विरासत में दोनों पार्टियों में मतैव्य की कोशिश नहीं होगी। सदन में तपती राजनीति अगर मशगूल भी रहे, बाहर नवंबर महीने की खुशकी का असर कौन देखेगा। जलवायु परिवर्तन में उजड़ते खेत, माफिया के कब्जे में बजरी और रेत तथा जमीनों की खरीद फरोख्त में लुटता हिमाचल किसी एक पक्ष पर दोषारोपण से सबूत एकत्रित नहीं करेगा। हमने पढ़ाई के बहाने हजारों शिक्षण केंद्र बेकार कर दिए और बेरोजगारों की संख्या में हमारी प्राथमिकता क्या यही बनी रहेगी कि सत्ता के प्रभाव से चंद नेता अपने विधानसभा क्षेत्र में कई-कई नए संस्थान खोल लेंगे। एक बार या विधानसभा सत्र के कम से कम एक दिन दोनों दल मिल बांट कर उस दर्द को समझें कि जब पढ़ लिख कर बच्चे बेरोजगार रहते हैं, तो अभिभावकों के लिए न नए मंत्री और न ही नए जिले उद्धार करते हैं। जब बंदर, सूअरों और नीलगायों के उत्पात से खेत उजड़ते हैं, तो उनके जिम्मेदार मंत्री कितने बेकार लगते हैं।

चिंतन-मनन

मूल्य भावना का

भगवान बुद्ध जेतवन में ठहरे हुए थे। हर सुबह वह भिक्षावृत्ति को निकलते तो उन्हें मार्ग में एक किसान अपने खेत में काम करता मिलता। अपने कार्य के प्रति उसकी निष्ठा देख बुद्ध के मन में उसके लिए करुणा उमड़ी। वह प्रतिदिन वहां रुककर उस किसान को कुछ उपदेश देने लगे। जब उस किसान की फसल तैयार हुई तो उसने संकल्प किया कि वह अपनी फसल का एक हिस्सा भगवान बुद्ध को और भिक्षु संघ को भेंट करेगा। दुर्योगवश उसी रात मूसलाधार वर्षा हुई और उसकी सारी फसल चौपट हो गई। अगले दिन जब भगवान बुद्ध वहां से गुजरे तो उन्होंने किसान को वहां रोता हुआ पाया। पूछने पर किसान उनको सारी घटना सुना कर बोला, ''प्रभु! मुझे दुख अपने नुक्सान का नहीं, वरन इस बात का है कि मैं आपकी सेवा का यह अवसर चूक गया''

बुद्ध मुस्कराए और बोले, 'भंते! मूल्य वस्तुओं का नहीं, भावनाओं का होता है। तुम्हारे हृदय में उमड़ी भावनाएं तो मुझ तक कल ही पहुंच गई थीं। इनके कारण तुम उससे ज्यादा पुण्य के भागी बन गए हो, जितना तुम उस फसल को समर्पित करके बनते। मेरा आशीर्वाद सदा तुम्हारे साथ है'' किसान की आंखें यह सुनकर नम हो उठीं।

आवश्यकता है

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552

युवाओं में बढ़ते फास्ट फूड के प्रचलन से उत्पन्न स्वास्थ्य ख़तरों को रेखांकित करना समय की मांग



किशन सनमुखदास

एक ज़माना था जब हमारे घरों में माताएं लकड़ी और कोयले से जलते चूल्हे पर रोटी और चावल पकाते और हम सामने बोरा बिछाकर बैठ देखते थे और पलभर में थाली में भोजन परोसा जाता था और हम ग्रहण कर बाहर प्रकृति की गोद में खटिया पर बैठकर या झाड़ों के बीच चक्कर लगाते या अपने कार्य पर चले जाते थे। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र आज भी यह देखता हूं कि यही प्रक्रिया हमारे बड़े बुजुर्गों, पिछली पीढ़ियों और कई गांव शहरों में आज भी शुरू है,और खासियत है कि ऐसे लोगों में किसी भी प्रकार की बीमारी का कोई लक्षण नहीं था, पाश्चात्य संस्कृति का कोई लक्षण नहीं था, सीमित जिंदगी और सुखी जिंदगी की वह स्थिति, आज उस ज़माने की बात करें कर कहते हैं न जाने कहां गए वो दिन इस प्रकार की पुरानी यादों की बात वरिष्ठ नागरिक करते हैं तो सुनकर बहुत आश्चर्य और अच्छा लगता है, उत्साह होता है कि ऐसी सुखी जिंदगी जीने की, यह थी टिकाऊ जीवन शैली।

साथियों बात अगर हम वर्तमान जीवन शैली की करें तो इसके लिए उपरोक्त पुरानी टिकाऊ जीवन शैली की चर्चा करना बेहद ज़रूरी था जिसकी प्रित्यक्ष रिपोर्टिंग मैंने बुजुर्गों से की इसी जीवन शैली को बहुत नजदीक से देख करके किया, मैं खुद अनेक वर्षों तक बुजुर्गों के साथ में रहा हूं।

साथियों बात अगर हम वर्तमान निष्क्रिय जीवन शैली और अस्वास्थकर आहार की करें तो वर्तमान में हम देख रहे हैं कि अनेक चाइनीस फूड, पिज़्ज़ा जैसे सैकड़ों ऐसे फास्ट फूड हैं जिसपर आहार के रूप में हमारी निर्भरता बढ़ गई है हमनें हर दिन या हर दूसरे तीसरे दिन इनको ग्रहण करने के का प्रचलन कायम कर दिए हैं।हालांकि यह फास्ट फूड ग्रहण करने का हमारा विरोध या टीकाटिप्पणी नहीं है परंतु हमारा उद्देश्य अस्वास्थ्यकर आहरों की आदत से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना है क्योंकि अगर हम दशकों पुराने ज़माने और आज के जमाने की निरंतर बढ़ती खाई, अस्वास्थ्यता, बीमारियों का प्रकोप, स्वास्थ्य स्थिरता, शारीरिक कष्ट इत्यादि सैकड़ों स्वास्थ्य खतरों की करें तो यह समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है।

अगर हम खासकर वर्तमान पीढ़ी, देश का भविष्य बच्चों और युवाओं को इस बढ़ते फास्ट फूड के प्रचलन से उत्पन्न स्वास्थ्य खतरों को रेखांकित नहीं करा पाए तो यह गैप बहुत बढ़ जाएगी और हमारी ओरिजिनल भारतीय आहार संस्कृति, टिकाऊ जीवन शैली, विलुप्तता की ओर बढ़ने लगेगी इसलिए समय आ गया है कि हम युवाओं में इसके प्रति जागरूकता अभियान चलाकर उन्हें सचेत करें।

साथियों बात अगर हम पुरानी टिकाऊ जीवन शैली और वर्तमान जीवन शैली के अंतर की करें तो हमने कई बार सुना होगा,, दादा जी तुम तो पुरानी मज़बूत हड्डियों से बने हो! तुम्हारे पास पुराने ही घी मक्खन की ताकत है!! तुम पुराने ज़माने के सोने के अंडे खाए, लाभ पाए हो, इत्यादि इत्यादि बातें हम करते हैं जो बिल्कुल सच है परंतु यह असर कोई शक्तिशाली विटामिन का नहीं बल्कि टिकाऊ जीवन शैली, स्वास्थ्यकर आहार, नियमित कसरत, अपार मेहनत, प्रकृति की गोद में बिताए लम्हों की ताकत है जो स्वास्थ्य और शरीर को मजबूत और टिकाऊ बनाए हुए हैं इसीलिए हर बड़े बुजुर्ग का कर्तव्य है कि वह अपने मार्गदर्शन से एक सामाजिक टीम खड़ी कर युवाओं को हेल्दी फूड स्वस्थ्य आहार की आदत, पाश्चात्य जीवन शैली का त्याग, तेजी से बदलती जलवायु परिवर्तन के घातक परिणामों से सबक जैसे अनेक मुद्दों को रेखांकित कर युवाओं को मार्गदर्शन, जन जागरण अभियान चलाकर प्रेरित करें।

साथियों बात अगर हम अस्वास्थ्यकर आहार के खतरों पर देश में बने कानूनों, नियमों, विनियमों, राज्य स्तरीय कानूनों, शासन, प्रशासन की करें तो हालांकि उपभोक्ता कानून सहित अनेक नियमों कानूनों में इस संबंध में सख्त धाराएं हैं परंतु ज़रूरत उस सख्ती के साथकानून लागू करनें की, जनता को जागृत करने की, अधिकारियों में जांबाजी और जज्बे की, जिसके बल पर कुछ कानून का सहारा, कुछ जनजागरण का सहारा, प्रोत्साहन, सतर्कता इत्यादि के बल पर हम इन से बचकर एक टिकाऊ जीवन शैली,स्वास्थ्यकर आहार, आदतों को अपनाकर अपने शरीर, स्वास्थ्य, जीवन को सुरक्षित और सकारात्मक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं।

साथियों बात अगर हम दिनांक 10 अप्रैल 2022 को माननीय उपराष्ट्रपति द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो इस विषय पर उन्होंने भी कहा, भारत में गैर-संचारी रोगों में वृद्धि की चिंताजनक रूझान को रेखांकित करते हुए उन्होंने निजी क्षेत्र में चिकित्सा संस्थाओं से लोगों, विशेष रूप से युवाओं के बीच एक निष्क्रिय जीवन शैली और अस्वास्थ्यकर आहार की आदतों से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करने का आग्रह किया। उन्होंने लोगों से निष्क्रिय जीवन शैली का त्याग करने और स्वस्थ जीवन जीने का तरीका अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी और तेजी से बदलती जलवायु हमें हमारी आदतों और जीवन के तरीके के बारे में कई सबक सिखाती है। उन्होंने प्रकृति की गोद में अधिक समय व्यतीत करने और अधिक टिकाऊ जीवन शैली अपनाने की अपील की।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि युवाओं में बढ़ते फास्ट फूड के प्रचलन से उत्पन्न स्वास्थ्य ख़तरों को रेखांकित करना समय की मांग आओ अस्वास्थ्यकर आहरों की आदत से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करें निष्क्रिय जीवन शैली और अस्वास्थ्यकर आहार की आदतों से उत्पन्न ख़तरों के बारे में जागरूकता पैदा करना ज़रूरी।

तो क्या ट्रंप के 'कूटनीतिक मायाजाल' में फंस जाएंगे पुतिन और जिनफिंग?



कमलेश पांडेय

दुनिया को अपने शब्द जाल में फंसाकर, साम-दाम-दंड-भेद की रणनीति अपनाकर 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' का स्वप्न संजोए राष्ट्रपति ट्रंप अपने इरादों में कितना कामयाब होंगे, यह तो गुजश्ता वक्त ही बताएगा। लेकिन भारत की कूटनीतिक स्वायत्ता और ग्लोबल साउथ की अगुवाई वाली रणनीति से अमेरिका इतना परेशान हो गया कि अब उन्हीं देशों के साथ टेबल की मेज पर बैठा हुआ है, जिनके खिलाफ वह अनवरत षड्यंत्र रचते आया है।

ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर रूस और चीन की क्या अंतर्राष्ट्रीय मजबूरी है जो वे वैश्विक रूप से प्रभुत्वहीन हो चुके अमेरिका के साथ मेज साझा कर रहे हैं! कहीं ऐसा तो नहीं कि भारत की कूटनीतिक व रणनीतिक स्वायत्तता से ये दोनों भी भीतर ही भीतर विचलित हो रहे हैं। मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय दुनियादारी में भारत, अपने समकक्ष देशों यथा- फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका के अलावा यूरोपीय संघ, मध्यपूर्व के देशों और आशियान देशों के साथ जो समझदारी भरे रिश्ते विकसित कर रहा है, इससे भी अमेरिका, रूस और चीन का चिंतित होना स्वाभाविक है।

ऐसे में अमेरिका, रूस और चीन के बीच उभरता त्रिकोणीय कूटनीतिक समीकरण केवल तीन महाशक्तियों के नेताओं की मुलाकात का विषय नहीं है, बल्कि इसके पीछे वैश्विक शक्ति संतुलन, रणनीतिक साझेदारियों, आर्थिक हितों और छोटे-बड़े देशों के भरोसे की बड़ी लड़ाई भी दिखाई देती है। ये देश नहीं चाहते कि इनके समानांतर कोई नया देश खड़ा हो और वह उनकी आवाज बने जिनका शोषण करते रहना इनकी नीतिगत फितरत है।

यही वजह है कि इस पूरे घटनाक्रम को समझने के लिए एक महत्वपूर्ण सवाल है कि क्या ट्रंप, रूस और चीन को आपसी मतभेदों, क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं और अपने-अपने सहयोगियों के हितों के बीच इस तरह उलझा सकते हैं कि दोनों देशों की विश्वसनीयता प्रभावित होने लगे?

भले ही यह एक विचारणीय भू-राजनीतिक परिकल्पना है। हालांकि, इसे किसी प्रमाणित अमेरिकी डीप स्टेट योजना का नाम देना अभी उचित नहीं होगा, जबतक कि पूरा खेल स्पष्ट न हो जाए। वैसे भी ट्रंप कब क्या कहेंगे, कब पलटीमार देंगे, भरोसे के साथ कुछ नहीं कहा जा सकता। इन सबके पीछे उनका स्वार्थ कितना साधता है, सबकुछ इसी बात पर निर्भर करता है।

पहला सवाल यह है कि ट्रंप की रणनीति का संभावित केंद्रीय सूत्र क्या है? तो जवाब होगा कि ट्रंप की विदेश नीति में व्यक्तिगत कूटनीति, आर्थिक सौदेबाजी और शक्ति प्रदर्शन को काफी महत्व मिलता है। रूस और चीन के साथ बातचीत के संभावित उद्देश्यों को निम्नलिखित तीन स्तरों पर समझा जा सकता है– एक, रूस को साधना: यूक्रेन युद्ध में समझौते के लिए पुतिन पर कूटनीतिक प्रभाव बनाना और मॉस्को के साथ अमेरिका के संबंधों को नए सिरे से परिभाषित करना, ताकि उसे लाभ होता रहे। दो, चीन को साधना- व्यापार, तकनीक, दुर्लभ खनिजों और ताइवान जैसे मुद्दों पर बीजिंग से रियायतें हासिल करना, ताकि उनके उद्योगों के लिए रियायती कच्चा माल मिलता रहे। तीन, दोनों को एक मंच पर लाना- परमाणु हथियार नियंत्रण, ईरान और वैश्विक सुरक्षा के मुद्दों पर ऐसी बातचीत करना जिसमें अमेरिका अपनी भूमिका केंद्रीय बनाए रखना चाहे। हालांकि, इन सबमें एक महत्वपूर्ण विरोधाभास भी है। वह यह कि चीन और रूस की निकटता अमेरिका की उस पुरानी रणनीति को कमजोर करती है जिसमें दोनों महाशक्तियों के बीच मतभेदों का लाभ उठाकर वाशिंगटन अपनी स्थिति मजबूत करता था।

दूसरा सवाल है कि रूस और चीन के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपने सहयोगियों का भरोसा बनाए रखना होगा। खासकर भारत और ईरान आदि जैसे उभरते देशों का। यही इस पूरे घटनाक्रम का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है, जो इसप्रकार है- एक, रूस की विश्वसनीयता: यदि पुतिन अमेरिका के साथ किसी बड़े समझौते में यूक्रेन, ईरान या अन्य रणनीतिक साझेदारों के हितों को नजरअंदाज करते दिखाई देते हैं, तो मॉस्को के सहयोगियों के बीच उसकी प्रतिबद्धताओं को लेकर सवाल उठ सकते हैं। दो, चीन की विश्वसनीयता- यदि शी जिनपिंग अमेरिका के साथ किसी समझौते में ताइवान, ईरान या अपने दूसरे रणनीतिक साझेदारों के मुद्दों पर ऐसी रियायत देते हैं जिसे सहयोगी अपने हितों के विरुद्ध समझें, तो चीन की साझेदारी की विश्वसनीयता पर बहस हो सकती है। लेकिन इसका दूसरा पहलू भी है। रूस और चीन अपने सहयोगियों के साथ संबंधों को केवल अमेरिका के साथ बातचीत के आधार पर तय नहीं करते। उनके आर्थिक, सैन्य, राजनीतिक और क्षेत्रीय हित भी इसमें महत्वपूर्ण हैं।

तीसरा सवाल यह है कि क्या ट्रंप दोनों महाशक्तियों को एक-दूसरे के विरुद्ध इस्तेमाल कर सकते हैं? तो यहां 1970 के दशक की अमेरिकी त्रिकोणीय कूटनीति याद आती है। तब अमेरिका ने सोवियत संघ और चीन के बीच मतभेदों का लाभ उठाकर बीजिंग के साथ संबंध बेहतर किए थे। इससे वाशिंगटन को मॉस्को के मुकाबले कूटनीतिक लाभ मिला था। लेकिन 2026 की परिस्थितियां बिल्कुल अलग हैं। वह यह कि रूस और चीन के बीच रणनीतिक साझेदारी पहले से अधिक मजबूत है। दोनों देश अमेरिकी प्रभुत्व को लेकर कई मुद्दों पर समान चिंताएं रखते हैं। दोनों के आर्थिक और कूटनीतिक हित एक-दूसरे से जुड़े हैं। अमेरिका के सहयोगी देशों के साथ भी उसके संबंधों में कई बार अनिश्चितता दिखाई देती है। फिर भी आज अमेरिका के लिए रूस और चीन के बीच पुराने जमाने जैसी दरार पैदा करना आसान नहीं है।

चौथा सवाल क्या यही अमेरिकी डीप स्टेट का गेम प्लान है? क्योंकि ट्रंप भी अब इनके सामने घुटने टेक चुके हैं। मिड टर्म चुनावों में अपनी रिपब्लिकन पार्टी की हुई फजीहत से बौखलाए हुए भी हैं। लिहाजा इस सवाल को तीन अलग-अलग अवधारणाओं में समझना जरूरी है– एक, डीप स्टेट- स्थायी प्रशासनिक, सुरक्षा और संस्थागत नेटवर्क का प्रभाव। दो, अमेरिकी रणनीतिक प्रतिष्ठान- विदेश नीति, रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े संस्थान एवं नीति निर्माता। तीन, ट्रंप की व्यक्तिगत कूटनीति- नेताओं से सीधे बातचीत और द्विपक्षीय सौदेबाजी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में सत्ता बदलने के बावजूद राष्ट्रीय सुरक्षा संस्थानों, रक्षा प्रतिष्ठानों और विदेश नीति से जुड़े स्थायी हित बने रहते हैं। लेकिन यह मान लेना कि इन सभी संस्थानों का कोई एक गुप्त और सर्वसम्मत गेम प्लान है, मौजूदा उपलब्ध प्रमाणों से पुष्ट नहीं होता। इसलिए डीप स्टेट की परिकल्पना को एक राजनीतिक व्याख्या के रूप में देखना चाहिए, स्थापित तथ्य के रूप में नहीं।

पांचवां सवाल यह है कि क्या 19 नवंबर की त्रिपक्षीय बैठक के पांच बड़े सवाल का संतुलित जवाब मिलेगा? चूंकि, ट्रंप, पुतिन और शी जिनपिंग की शेनझेन में प्रस्तावित त्रिपक्षीय बैठक पर पूरी दुनिया की नजरें बनी हुई हैं, क्योंकि इस बैठक से जुड़े पांच महत्वपूर्ण सवाल हैं– एक, क्या यूक्रेन युद्ध के समाधान पर कोई साझा रास्ता निकलेगा? दो, क्या चीन को अमेरिका-रूस परमाणु हथियार नियंत्रण वार्ता में शामिल करने की कोशिश सफल होगी? तीन, क्या ईरान के मुद्दे पर रूस और चीन अमेरिकी दृष्टिकोण के करीब आएंगे? चार, क्या अमेरिका ताइवान के मुद्दे पर चीन को कोई राजनीतिक आश्वासन देगा? पांच, क्या तीनों महाशक्तियां अपने सहयोगियों के हितों को ध्यान में रखकर कोई समझौता करेंगी? बैठक के एजेंडे और प्रारूप को लेकर बातचीत जारी थी, क्योंकि तीनों नेताओं के अलग-अलग उद्देश्यों और संभावित हितों को रेखांकित किया है।

छठा सवाल है कि भारत के लिए इसका क्या अर्थ है? चूंकि भारत के लिए यह घटनाक्रम विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि रूस भारत का पुराना रक्षा और ऊर्जा साझेदार है। अमेरिका भारत का महत्वपूर्ण तकनीकी, आर्थिक और रणनीतिक साझेदार है। चीन के साथ भारत के सीमा और क्षेत्रीय सुरक्षा संबंधी मुद्दे हैं। ईरान और मध्य एशिया भारत के संपर्क एवं ऊर्जा हितों के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारत के लिए चुनौती यह होगी कि वह किसी एक महाशक्ति के कूटनीतिक समीकरण का हिस्सा बनने के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर सभी प्रमुख शक्तियों से संबंध बनाए रखे। सातवां और अंतिम सवाल यह है कि असली लड़ाई भरोसे और रणनीतिक विश्वसनीयता की है। वास्तव में, इस पूरे घटनाक्रम का सबसे महत्वपूर्ण संदेश यह है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में किसी देश की ताकत केवल उसकी सैन्य या आर्थिक क्षमता से तय नहीं होती। उसकी प्रतिबद्धताओं पर सहयोगियों का भरोसा भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है। यदि रूस या चीन अमेरिका के साथ किसी समझौते में अपने रणनीतिक सहयोगियों के हितों की अनदेखी करते हैं, तो उनकी विश्वसनीयता पर सवाल उठ सकते हैं। दूसरी ओर, यदि ट्रंप अपने सहयोगियों और प्रतिद्वंद्वियों दोनों के साथ अनिश्चित सौदेबाजी करते हैं, तो अमेरिका की अपनी विश्वसनीयता भी प्रभावित हो सकती है।

अमरोहा
शुक्रवार 20 नवम्बर 2026
www.sabkasapna.com

हिंदी दैनिक
सब का सपना 3

कार्यालय ग्राम पंचायत हाजरपुर विकासखंड अमरोहा जनपद अमरोहा

पत्रांकः मीमो/ग्रा०पं० सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन /2026 दिनांकः 18.11.2026

अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओ को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हाजरपुर विकासखंड अमरोहा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अनुसार छठा राज्य वित्त, 16 वां वित्त मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा०) ओ०डी०एफ० प्लस, आर०जी०एस०ए०, पंचायत पुरस्कार से प्राप्त धनराशि, बहुउद्देशीय पंचायत घर योजना अन्य मद से निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य मदो के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द सीलबन्द निविदाये/कुटेशन आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता दिनांक 18.11.2026 से 25.11.2026 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बाक्स में सीलबन्द निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते है जोकि दिनांक 25.11.2026 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बन्धित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी जोकि ग्राम पंचायत को समय-समय प्राप्त आवंटित पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रशासक एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० पंजीकरण सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी०डब्लू०डी० की दरो के अनुरूप पी०डब्लू०डी० के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नही पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

क्र०सं०	सामग्री का नाम	यूनिट/मात्रा	दर
1	सीमेन्ट	प्रति बैग/टन	
2	बालू रेत	घन मी०	
3	बजरफुट	घन मी०	
4	20 एम०एम० बजरी	घन मी०	
5	40 एम०एम० ईट रोड़ी	घन मी०	
6	ईट प्रथम श्रेणी एम०-150	प्रति नग/हजार	
7	ईट बालवार एम-275	प्रति नग/हजार	
8	इंटरलाक टाईल्स 80 एम०एम०	प्रति नग/हजार	
9	इंटरलाक टाईल्स 60 एम०एम०	प्रति नग/हजार	
10	पंचायत भवन के ऑफिस इक्यूपमेंट / पंचायत घर मरम्मत	प्रति नग/यूनिट	
11	पुस्तकालय इक्यूपमेंट/मरम्मत	प्रति नग/यूनिट	
12	दीवार टाईल्स	वर्ग मीटर	
13	फर्श टाईल्स	वर्ग मीटर	
14	सरिया	प्रति कुन्तल	
15	लोहे की एंगल/पाईप	प्रति कुन्तल	
16	लोहे का जाल	प्रति कुन्तल	
17	सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर	वर्ग मीटर/ना	
18	मिट्टी दूरी सहित	घन मी०	
19	लकड़ी के दरवाजे /कर्मशियल/टिम्बर/प्लाई	प्रति ना	
20	सोलर लाईट नया/मरम्मत उपकरण	प्रति ना	
21	स्ट्रीट लाईट नया/मरम्मत उपकरण	प्रति ना	
22	ई-रिक्शा	प्रति ना	
23	सेनेटरी सामग्री	प्रति ना/वर्गमी०	
24	बिजली उपकरण	प्रति ना	
25	लोहे का फेंसिंग तार	प्रति वर्ग मी०	
26	फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन	प्रति ना	
27	सी०सी० डेस्क बेंच	प्रति ना	
28	डस्टबीन/सामुदायिक शौचालय मरम्मत	प्रति ना	
29	कूडा गाडी/ठेली एवं सफाई किट	प्रति ना	
30	सोडियम, हाईक्लोराईड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रामक रोधक दवाएं	प्रति किलो/पैकेट	
31	प्राईमर लोहा लकड़ी	प्रति ली०	
32	डिस्टेम्पर वाल पुट्टी, पेंट समेसम आदि	प्रति किलो	
33	पी०वी०सी० पाईप एवं जी०आई० पाईप हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री	प्रति रनिंग मीटर	
34	हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री	प्रति रनिंग मीटर	
35	हैण्डपम्प रिबोर सामग्री	प्रति रनिंग मीटर	
36	प्लाई एवं माईका	प्रति वर्ग फुट	
37	आर०सी०सी० पाईप/झूमपाईप	प्रति रनिंग मीटर	
38	वाटर कूलर आर०ओ० सहित	प्रति ना	
39	रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण	प्रति फुट	
40	इन्सीनेटर	प्रति ना	
41	प्लम्बिंग सामग्री	प्रति ना	
42	ओपन जिम खेल मैदान उपकरण/बारात घर निर्माण मरम्मत	प्रति ना	
43	इलेक्ट्रिशियन कार्य सामग्री	प्रति ना	
44	लोहे का गेट व खिड़की	प्रति ना	

नोट-01-यदि किसी फर्म/सप्लायर आपूर्तिकर्ता के लिये कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो सम्बन्धित को उसकी भी कार्यवाही के मानको को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।
02- समान दरे होने पर ग्राम पंचायत एक से अधिक फर्मों को सामग्री आपूर्ति के लिये अधिकृत कर सकती है।

ग्राम प्रशासक, ग्राम पंचायत हाजरपुर
विकासखंड अमरोहा जनपद अमरोहा

सचिव, हाजरपुर
विकासखंड अमरोहा जनपद अमरोहा

कार्यालय ग्राम पंचायत हसनपुर कटिया विकासखंड अमरोहा जनपद अमरोहा

पत्रांकः मीमो/ग्रा०पं० सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन /2026 दिनांकः 18.11.2026

अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओ को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हसनपुर कटिया विकासखंड अमरोहा जनपद अमरोहा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अनुसार छठा राज्य वित्त, 16 वां वित्त मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा०) ओ०डी०एफ० प्लस, आर०जी०एस०ए०, पंचायत पुरस्कार से प्राप्त धनराशि, बहुउद्देशीय पंचायत घर योजना अन्य मद से निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य मदो के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द सीलबन्द निविदाये/कुटेशन आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता दिनांक 18.11.2026 से 25.11.2026 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बाक्स में सीलबन्द निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते है जोकि दिनांक 25.11.2026 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बन्धित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी जोकि ग्राम पंचायत को समय-समय प्राप्त आवंटित पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रशासक एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० पंजीकरण सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी०डब्लू०डी० की दरो के अनुरूप पी०डब्लू०डी० के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नही पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

क्र०सं०	सामग्री का नाम	यूनिट/मात्रा	दर
1	सीमेन्ट	प्रति बैग/टन	
2	बालू रेत	घन मी०	
3	बजरफुट	घन मी०	
4	20 एम०एम० बजरी	घन मी०	
5	40 एम०एम० ईट रोड़ी	घन मी०	
6	ईट प्रथम श्रेणी एम०-150	प्रति नग/हजार	
7	ईट बालवार एम-275	प्रति नग/हजार	
8	इंटरलाक टाईल्स 80 एम०एम०	प्रति नग/हजार	
9	इंटरलाक टाईल्स 60 एम०एम०	प्रति नग/हजार	
10	पंचायत भवन के ऑफिस इक्यूपमेंट / पंचायत घर मरम्मत	प्रति नग/यूनिट	
11	पुस्तकालय इक्यूपमेंट/मरम्मत	प्रति नग/यूनिट	
12	दीवार टाईल्स	वर्ग मीटर	
13	फर्श टाईल्स	वर्ग मीटर	
14	सरिया	प्रति कुन्तल	
15	लोहे की एंगल/पाईप	प्रति कुन्तल	
16	लोहे का जाल	प्रति कुन्तल	
17	सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर	वर्ग मीटर/ना	
18	मिट्टी दूरी सहित	घन मी०	
19	लकड़ी के दरवाजे /कर्मशियल/टिम्बर/प्लाई	प्रति ना	
20	सोलर लाईट नया/मरम्मत उपकरण	प्रति ना	
21	स्ट्रीट लाईट नया/मरम्मत उपकरण	प्रति ना	
22	ई-रिक्शा	प्रति ना	
23	सेनेटरी सामग्री	प्रति ना/वर्गमी०	
24	बिजली उपकरण	प्रति ना	
25	लोहे का फेंसिंग तार	प्रति वर्ग मी०	
26	फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन	प्रति ना	
27	सी०सी० डेस्क बेंच	प्रति ना	
28	डस्टबीन/सामुदायिक शौचालय मरम्मत	प्रति ना	
29	कूडा गाडी/ठेली एवं सफाई किट	प्रति ना	
30	सोडियम, हाईक्लोराईड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रामक रोधक दवाएं	प्रति किलो/पैकेट	
31	प्राईमर लोहा लकड़ी	प्रति ली०	
32	डिस्टेम्पर वाल पुट्टी, पेंट समेसम आदि	प्रति किलो	
33	पी०वी०सी० पाईप एवं जी०आई० पाईप हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री	प्रति रनिंग मीटर	
34	हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री	प्रति रनिंग मीटर	
35	हैण्डपम्प रिबोर सामग्री	प्रति रनिंग मीटर	
36	प्लाई एवं माईका	प्रति वर्ग फुट	
37	आर०सी०सी० पाईप/झूमपाईप	प्रति रनिंग मीटर	
38	वाटर कूलर आर०ओ० सहित	प्रति ना	
39	रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण	प्रति फुट	
40	इन्सीनेटर	प्रति ना	
41	प्लम्बिंग सामग्री	प्रति ना	
42	ओपन जिम खेल मैदान उपकरण/बारात घर निर्माण मरम्मत	प्रति ना	
43	इलेक्ट्रिशियन कार्य सामग्री	प्रति ना	
44	लोहे का गेट व खिड़की	प्रति ना	

नोट-01-यदि किसी फर्म/सप्लायर आपूर्तिकर्ता के लिये कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो सम्बन्धित को उसकी भी कार्यवाही के मानको को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।
02- समान दरे होने पर ग्राम पंचायत एक से अधिक फर्मों को सामग्री आपूर्ति के लिये अधिकृत कर सकती है।

ग्राम प्रशासक, ग्राम पंचायत हसनपुर कटिया
विकासखंड अमरोहा जनपद अमरोहा

सचिव, हसनपुर कटिया
विकासखंड अमरोहा जनपद अमरोहा

कार्यालय ग्राम पंचायत निजामपुर सेंदरी विकासखंड अमरोहा जनपद अमरोहा

पत्रांकः मीमो/ग्रा०पं० सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन /2026 दिनांकः 18.11.2026

अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

अमरोहा (सब का सपना):- जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे जनगणना-2027 के अंतर्गत 16 नवंबर से 30 नवंबर, 2026 तक संचालित स्वगणना प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा आधिकारिक पोर्टल री्ील्ल२४२.ॅङ्ग५.ल्ल के माध्यम से अपनी स्वगणना अवश्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है।जिलाधिकारी ने विशेष रूप से युवाओं से अपील की कि वे अपने माता-पिता, परिवार के बुजुर्गों एवं पड़ोसियों को ऑनलाइन स्वगणना कराने में सहयोग प्रदान करें, ताकि अधिक से अधिक परिवारों की स्वगणना प्रक्रिया सुगमता से पूर्ण हो सके। उन्होंने कहा कि स्वगणना के दौरान सभी जानकारियां सही एवं सटीक दर्ज करें। प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्राप्त स्वगणना आईडी (SE ID) को सुरक्षित रखें, ताकि घर-घर जनगणना के लिए आने वाले प्रगणकों को यह आईडी उपलब्ध कराकर आवश्यक सत्यापन कराया जा सके। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनसंख्या गणना (ढए) के लिए स्वगणना की प्रक्रिया 16 नवंबर से 30 नवंबर, 2026 तक संचालित की जा रही है। इसके लिए सर्वप्रथम आधिकारिक पोर्टल se.census.gov.inī पर जाकर उत्तर प्रदेश राज्य का चयन करें। इसके बाद अपनी पसंद की भाषा चुनकर आवश्यक निदेर्शों को पढ़ें। प्रथम चरण में जनगणना कर्मी को उपलब्ध कराए गए मोबाइल नंबर को दर्ज कर कैप्चा एवं ओटीपी के माध्यम से सत्यापन करें। इसके उपरांत लोकेशन का मिलान करें। लोकेशन मैच न होने की स्थिति में जिला, उपजिला एवं गांव/शहर का चयन कर मानचित्र पर अपने घर की सही लोकेशन दर्ज कर पुष्टि करें। इसके बाद परिवार के मुखिया का विवरण भरकर सेव करें तथा परिवार के अन्य सदस्यों को एक-एक करके जोड़ते हुए उनकी आवश्यक जानकारी दर्ज करें।

सभी सदस्यों का विवरण भरने के बाद मांगी गई शेष जानकारी दर्ज करें और सभी विवरणों की अच्छी तरह जांच कर फॉर्म सबमिट करें। प्रक्रिया पूर्ण होने पर प्राप्त रए कऊको सुरक्षित रखें।

उन्होंने बताया कि स्वगणना पूर्ण होने के बाद भी जनगणना कर्मियों द्वारा 01 दिसंबर, 2026 से 04 जनवरी, 2027 तक घर-घर जाकर जनसंख्या गणना की जाएगी। इस दौरान जनगणना कर्मियों को अपनी SE ID उपलब्ध कराते हुए आवश्यक सत्यापन कराएं तथा सही जानकारी देकर जनगणना कार्य में पूर्ण सहयोग करें। जनगणना से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता एवं जानकारी के लिए जनगणना हेल्पलाइन नंबर 1855 पर संपर्क किया जा सकता है। आइए, जनगणना-2027 में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर जनकल्याण के इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में योगदान दें।

बच्चों की सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस सख्त, स्कूली वाहन चालकों को दी हिदायत



चन्दौसी/सम्भल(सब का सपना):- जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को पुलिस अधीक्षक सम्भल विकास चन्द्र त्रिपाठी के निर्देशन में यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रभारी निरीक्षक यातायात दुष्यन्त बालियान के नेतृत्व में देवरखेड़ा चन्दौसी स्थित सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं एवं स्कूली वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को सड़क पर सुरक्षित आवागमन करने, सड़क पार करते समय दोनों ओर देखकर सावधानी बरतने तथा यातायात संकेतों एवं सिग्नलों का पालन करने की जानकारी दी। इसके साथ ही दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने के महत्व को समझाया गया।

वहीं स्कूली वाहन चालकों को बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। उन्हें वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, वाहन में निर्धारित क्षमता के अनुसार ही बच्चों को बैठाने तथा वाहन के सभी आवश्यक प्रपत्र और सुरक्षा मानक पूर्ण रखने के लिए जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं स्कूली वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, स्वयं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। पुलिस विभाग की ओर से ऐसे अभियानों के माध्यम से लोगों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

भदौरा में पेयजल संकट गहराया, नल ठप व केबल चोरी से ग्रामीण परेशान, प्रदर्शन कर जताया आक्रोश





हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना):- जनपद के तहसील हसनपुर क्षेत्र के ग्राम भदौरा की जाटव बस्ती में पेयजल व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। बस्ती की गली और आंबेडकर चौक के पास लगे सरकारी हैंडपंप के ठप पड़े होने तथा पिछले करीब दो माह से सौर ऊर्जा द्वारा संचालित पेयजल आपूर्ति वाला केबल चोरी होने के कारण पूरे गांव की पेयजल आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या से नाराज जाटव समाज के लोगों ने एकत्र होकर प्रदर्शन किया और प्रशासन से अतिशीघ्र पेयजल व्यवस्था बहाल कराने की मांग की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जाटव बस्ती की गली में लगा सरकारी नल लंबे समय से खराब पड़ा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह नल वर्ष 2011 में तत्कालीन क्षेत्र पंचायत सदस्य कृष्ण कुमार शर्मा के प्रयासों से लगवाया गया था, लेकिन तब से लेकर अब तक इसका रिबोर तक नहीं कराया गया है, वर्तमान में पूरी तरह खराब होने से गली के निवासियों के सामने पेयजल संकट है।

वहीं, दूसरा सरकारी नल आंबेडकर चौक के पास स्थित है, जिसके ठप होने से भी लोगों की परेशानी बढ़ गई है। स्थिति को और गंभीर बनाते हुए पिछले लगभग दो महीने पहले केबल चोरी हो जाने के कारण पूरे गांव की पेयजल आपूर्ति भी ठप पड़ी हुई है। नल खराब होने और आपूर्ति बंद रहने से उन निर्धन परिवारों के सामने पीने के पानी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है, जिनके घरों में निजी समरसेबल की व्यवस्था नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि रोजमर्रा की जरूरतों और पीने के पानी के लिए उन्हें दूर-दराज से पानी ढोना पड़ रहा है, जिससे महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। पेयजल किल्लत से आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए मांग की कि खराब पड़े दोनों सरकारी नलों को तत्काल ठीक कराया जाए, गली के नल का रिबोर कराकर चालू कराया जाए और चोरी हुई केबल की व्यवस्था कर पूरे गांव में पेयजल आपूर्ति जल्द से जल्द सुचारू की जाए। प्रदर्शन के दौरान कृष्ण कुमार शर्मा, लोचन सिंह, ध्यान सिंह, लाखन सिंह, चंद्रभान सिंह, नन्हे सैफी, मोनू कुमार, रामकुंवर सिंह, गौरव कुमार और खजानों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

तिगरी मेला-2026 को सकुशल सम्पन्न कराने को एसपी ने की गोष्ठी, दिए कड़े निर्देश

सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, यातायात व ड्यूटी व्यवस्था की समीक्षा, संदिग्धों पर विशेष निगरानी के निर्देश



अमरोहा (सब का सपना):- पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव द्वारा तिगरी मेला-2026 को सकुशल व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के दृष्टिगत मेला में ड्यूटीरत राजपत्रित अधिकारियों, मेला प्रभारी आदि के साथ गोष्ठी कर सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, यातायात एवं ड्यूटी व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव द्वारा तिगरी मेला-2026 में ड्यूटीरत समस्त राजपत्रित अधिकारियों, मेला प्रभारी एवं प्रभारी निरीक्षक थाना गजरौला के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा मेला क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं की भीड़ का प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, पांटून पुल एवं गंगा घाटों की सुरक्षा तथा ड्यूटी प्रबंधन की समीक्षा की गई। सभी अधिकारियों को अपने-अपने ड्यूटी क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर सतर्क दृष्टि रखने एवं अधीनस्थ पुलिसकर्मियों से बेहतर समन्वय स्थापित कर प्रभावी ड्यूटी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। निर्देशित किया गया कि किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखते हुए किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को पूर्ण सतर्कता, जिम्मेदारी एवं आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए तिगरी मेला-2026 को सकुशल एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

गजरौला सीएचसी में नवनिर्मित पिंक शौचालय का पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने किया उद्घाटन

मरीजों के साथ साथ बाहरी लोगों को भी रहेगी शौचालय की सुविधा





गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):- जनपद के गजरौला नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) परिसर में गुरुवार को नगर पालिका की ओर से नवनिर्मित पिंक शौचालय का उद्घाटन पूर्व विधायक एवं पालिका अध्यक्षा के पति हरपाल सिंह ने फीता काटकर किया। इस सुविधा के शुरू होने से सीएचसी में उपचार के लिए आने वाले मरीजों, उनके तीमारदारों और स्थानीय लोगों को काफी राहत मिलेगी। बता दें कि इस अवसर पर पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने कहा कि संबंधित वार्ड के लोगों की ओर से लंबे समय से क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय न होने की समस्या उठाई जा रही थी। लोगों को इस वजह से काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। वार्ड सभासद की ओर से इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका में शौचालय निर्माण का प्रस्ताव रखा गया था। प्रस्ताव पर कार्रवाई करते हुए पालिका प्रशासन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पिंक शौचालय का निर्माण कराया है।उन्होंने कहा कि सीएचसी में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज और उनके परिजन आते हैं।

ऐसे में परिसर में शौचालय की सुविधा उपलब्ध होना बेहद आवश्यक था। नवनिर्मित पिंक शौचालय से अस्पताल आने वाले मरीजों, महिलाओं, तीमारदारों तथा आसपास के लोगों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने इस कार्य को जनहित से जुड़ा महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि नगर पालिका का प्रयास है कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध कराई जाएं।उद्घाटन के दौरान हरपाल सिंह ने उपस्थित लोगों को नई सुविधा की बधाई दी और कहा कि जनसमस्याओं का समाधान कराना प्राथमिकता है। इस मौके पर डॉ. राजीव शुक्ला एडवोकेट, सभासद अरविंद कुमार, लेखाकार आदेश कुमार ,सीएचसी प्रभारी डॉ. पल्लवी, सभासद जिले सिंह सहित नगर पालिका के कर्मचारी, सीएचसी स्टाफ और क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

चेकिंग के दौरान पुलिस पर फायरिंग कर भाग रहे दो अभियुक्त गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस बरामद

बलेनो कार से भागने के प्रयास में मिट्टी के टीले में फंसी कार, घेराबंदी कर दबोचा



अमरोहा (सब का सपना):- पुलिस अधीक्षक अमरोहा लखन सिंह यादव द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी धनौरा अंजलि कटारिया के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर के नेतृत्व में थाना गजरौला पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग कर भाग रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। 18/19 नवंबर की रात्रि ग्राम मोहरका पट्टी के पास तिगरी मेला की ओर जाने वाले मार्ग पर चेकिंग के दौरान पुलिस टीम द्वारा एक संदिग्ध बलेनो कार संख्या वढ23अह5557 को रोकने का प्रयास किया गया। इस पर कार सवारों ने भागने का प्रयास किया तथा कार में कंडक्टर साइड बैठे व्यक्ति ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा पीछा किए जाने पर कार मिट्टी के टीले में फंस गई, जिसके बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान अभियुक्त मीत सिंह के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस एवं दो जिंदा कारतूस तथा अभियुक्त सुमित के कब्जे से तीन जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुए। घटना में प्रयुक्त बलेनो कार को धारा 207 एमवी एक्ट के अंतर्गत सीज किया गया है। इस संबंध में थाना गजरौला पर मु0अ0सं0 709/2026 धारा 109(1) बीएनएस एवं 3/25/27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

तिगरी मेले में थार कार से मिली अंग्रेजी शराब, पुलिस ने वाहन किया सीज

एसपी ने गश्त के दौरान रुकवाकर की तलाशी, मेले में सुरक्षा के लिए चार हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात





गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):- जनपद के गजरौला तिगरी गंगा धाम मेले में सुरक्षा व्यवस्था के बीच गुरुवार दोपहर पुलिस ने एक थार कार से अंग्रेजी शराब की चार से पांच बोतलें बरामद कीं। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने पुलिसकर्मियों के साथ मेला क्षेत्र में गश्त के दौरान संदिग्ध थार कार को रुकवाकर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार से अलग-अलग कंपनियों की महंगी अंग्रेजी शराब की बोतलें मिलीं। पुलिस ने शराब को कब्जे में लेते हुए थार कार को सीज कर दिया।

बता दें कि एसपी ने श्रद्धालुओं से मेले में शराब का सेवन नहीं करने, नशे की हालत में गंगा स्नान से बचने तथा किसी भी तरह का हुड़दंग नहीं करने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि मेले में शराब पीकर घूमने या नशे की हालत में मिलने वालों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।तिगरी मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मेला क्षेत्र में चार हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

निगरानी के लिए ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों की मदद ली जा रही है। वहीं, गंगा घाटों पर बैरिकेडिंग कर श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोका जा रहा है।पुलिसकर्मी नावों के माध्यम से गंगा में गश्त कर रहे हैं और स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रहे हैं। जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ और पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव प्रतिदिन मेला स्थल पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था और अन्य तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। पुलिस-प्रशासन मेले में शांति, सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर पूरी तरह सतर्क है।

खेलिया खालसा के प्राथमिक विद्यालय में 15 दिन से नहीं आया इंचार्ज, मिड-डे मील भी बंद, शिक्षामित्र संभाल रहा पूरा स्कूल



अमरोहा (सब का सपना):- जनपद के विकासखंड गंगेश्वरी के ग्राम पंचायत खेलिया खालसा के प्राथमिक विद्यालय की हालत देखकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। ग्रामीणों व स्कूली छात्रों का आरोप है कि विद्यालय के इंचार्ज अध्यापक पिछले करीब 15 दिन से स्कूल ही नहीं आए हैं। इतना ही नहीं, बच्चों को मिड-डे मील भी नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इंचार्ज अध्यापक जब कभी विद्यालय आता भी है, तो शराब के नशे में आता है। आरोप तो यहां तक है कि वह ऑफिस में बैठकर ही शराब का सेवन करता है। ग्रामीणों के अनुसार इसकी शिकायत पहले भी कई बार की जा चुकी है, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे इंचार्ज के हौसले और बुलंद हो गए हैं। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जहां शिक्षक ही शराब पीता हो, वहां बच्चों पर क्या संस्कार पड़ेंगे? एक ग्रामीण ने भावुक होकर कहा कि मजबूरी में उसे अपने बच्चे प्राइवेट स्कूल में भेजने पड़ रहे हैं। फीस देने की क्षमता नहीं है, फिर भी शिक्षक का ऐसा हाल देखकर उसने अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में भेजना शुरू कर दिया है। विद्यालय में एक शिक्षामित्र व एक शिक्षक तैनात हैं, लेकिन शिक्षक कभी विद्यालय नहीं आता। अकेले शिक्षामित्र ही पूरे विद्यालय को संभाल रहे है।

वही जब हमारी टीम ने विद्यालय के बच्चों से बात की तो बच्चों ने बताया की शिक्षक पिछले काफी दिनों से गायब है मिड डे मिल भी नहीं बन रहा है ऐसे में हमें विद्यालय में भूखे ही रहना पड़ता है। हालांकि पूरे मामले को लेकर ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी इंचार्ज अध्यापक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

हसनपुर क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते युवक पर रॉड से हमला, तीन घायल

बीच-बचाव करने पहुंचे ग्रामीणों को भी पीटा, घायल युवक को हायर सेंटर भेजा, चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज



हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना):- कोतवाली क्षेत्र के नवाबपुरा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया गया। हमले में युवक समेत तीन लोग घायल हो गए। बीच-बचाव कराने पहुंचे लोगों के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बता दें कि मामले में जानकारी के मुताबिक नवाबपुरा निवासी अमल पुत्र यादराम सिंह बुधवार शाम करीब चार बजे खेत पर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में धीमरखेड़ी निवासी सहवान, अयान, फैजान और गुड्डू मिल गए। आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर चारों ने अमल के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर सहवान ने लोहे की रॉड से उसके सिर पर वार कर दिया।शोर सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे और अमल को बचाने का प्रयास किया। आरोप है कि हमलावरों ने उनके साथ भी मारपीट की। घटना में अमल के अलावा प्रेमचंद और मदन घायल हो गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।परिजन तीनों घायलों को लेकर कोतवाली पहुंचे, जहां से पुलिस ने उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। चिकित्सकों ने मेडिकल परीक्षण के बाद प्रेमचंद की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।कोतवाली प्रभारी सत्येंद्र सरोहा ने बताया कि अमल की तहरीर पर सहवान, अयान, फैजान और गुड्डू के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत जनपद एवं विधानसभा स्तर पर स्थापित होंगे ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र, 20 नवंबर से होगा संचालन



अमरोहा (सब का सपना):- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ईवीएम मैनुअल (संस्करण-9: अगस्त, 2026) में दिए गए निदेशों के क्रम में आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत जनपद में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के प्रति जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से ईवीएम प्रदर्शन केन्द्रों (ईडीसी) की स्थापना की गई है। इन केंद्रों का संचालन दिनांक 20 नवंबर 2026 से किया जाएगा। इस क्रम में समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस से ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों को नियमानुसार बाहर निकालकर जनपद के समस्त उपजिलाधिकारियों/रिटर्निंग अधिकारियों को उपलब्ध कराया गया। जनपद स्तर पर ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र की स्थापना कलेक्ट्रेट परिसर में की गई है, जबकि विधानसभा क्षेत्र स्तर पर संबंधित उपजिलाधिकारी/रिटर्निंग अधिकारी द्वारा अपने तहसील कार्यालय में ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र स्थापित किया गया है। इन केंद्रों के माध्यम से ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के संबंध में आमजन को जागरूक करने तथा उनके संचालन एवं उपयोग की जानकारी प्रदान करने के लिए प्रचार-प्रसार किया जाएगा। प्रशिक्षण एवं जागरूकता संबंधी कार्यों के लिए उपलब्ध कराई गई ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों को संबंधित तहसील कार्यालय में रिटर्निंग अधिकारी द्वारा बनाए गए अस्थायी स्ट्रांग रूम में प्रतिदिन कार्य समाप्ति के उपरांत सुरक्षित रखवाया जाएगा।

मुकेश कुमार गुप्ता सभासद के नेतृत्व में एक दर्जन सभासदों ने उप जिलाधिकारी प्रिंस कुमार से की मुलाकात, शिकायती पत्र सौंपकर उठाए गंभीर सवाल



नहटौर/बिजनौर (सब का सपना):- भूमि के बैनामे में कथित अनियमितताओं, स्टांप शुल्क की चोरी और भूमि की खरीद-फरोख्त में धोखाधड़ी के आरोपों को लेकर बुधवार, 18 नवंबर को सभासद मुकेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद नहटौर के करीब एक दर्जन सभासद उप जिलाधिकारी धामपुर प्रिंस कुमार से मिले। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें शिकायती पत्र सौंपकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच और नियमानुसार कार्रवाई की मांग की। सभासद मुकेश कुमार गुप्ता पुत्र रामस्वरूप गुप्ता निवासी मोहल्ला अफगानान, नहटौर ने शिकायत में बताया कि गाटा संख्या 693 की 0.2120 हेक्टेयर भूमि का बैनामा कृषि भूमि दर्शाकर कराया गया, जबकि उनके अनुसार उक्त भूमि नगर पालिका क्षेत्र में स्थित है और मौके पर आबादी बनी हुई है। उन्होंने भूमि की वास्तविक स्थिति और उपयोग की जांच कराने की मांग की। शिकायती पत्र में बैनामे में दर्शाए गए भूमि मूल्य और सर्किल रेट में अंतर का मुद्दा भी उठाया गया है शिकायतकर्ता के अनुसार बैनामे में भूमि का मूल्य 16 लाख 96 हजार रुपये तथा विक्रय मूल्य छह लाख रुपये दर्शाया गया है, जबकि नगर पालिका क्षेत्र में आवासीय भूमि का सर्किल रेट 15,500 रुपये प्रति वर्ग मीटर बताया गया है। उन्होंने वास्तविक मूल्यांकन कर स्टांप शुल्क की जांच और कमी पाए जाने पर कार्रवाई की मांग की। इसके अतिरिक्त बैनामे में दर्शाई गई धनराशि के बैंक खातों में भुगतान की पुष्टि, क्रेता-विक्रेता के कब्जे की स्थिति तथा दाखिल-खारिज की प्रक्रिया की जांच कराने की मांग की गई। शिकायतकर्ता ने उक्त गाटा संख्या की पूर्व में हुई खरीद-फरोख्त, वर्तमान स्वामित्व और कब्जे की स्थिति की भी जांच कराने का अनुरोध किया। शिकायती पत्र में सोशल मीडिया पर अपने और सरकारी कर्मचारियों के विरुद्ध कथित रूप से गलत बातें प्रसारित करने तथा धमकी देने के मामले में भी कार्रवाई की मांग की गई है।

वहीं, अपने ऊपर चकरोड और अन्य सरकारी संपत्ति पर कब्जा करने के लगाए गए आरोपों को निराधार बताते हुए उनकी निष्पक्ष जांच तथा अपने परिवार की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया गया है। सभासद मुकेश कुमार गुप्ता एवं उनके साथ पहुंचे सभासदों ने उप जिलाधिकारी से पूरे प्रकरण की राजस्व अभिलेखों के आधार पर निष्पक्ष जांच कराकर अनियमितता पाए जाने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की।

बेगमपुरा एक्सप्रेस में महिला ने दिया पुत्र को जन्म, नगीना स्टेशन पर रोकी ट्रेन

नगीना/बिजनौर (सब का सपना):- लुधियाना से लखनऊ जा रही बेगमपुरा सुपरफास्ट एक्सप्रेस में सफर कर रही नौ माह की गर्भवती महिला को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। ट्रेन में ही महिला ने बच्चे को जन्म दे दिया। इसके बाद परिजनों ने नगीना रेलवे स्टेशन पर ट्रेन रुकवाकर एंबुलेंस की मदद से महिला को(सीएचसी) नगीना पहुंचाया।

जहां चिकित्सकीय टीम ने जच्चा बच्चा का उपचार किया।बुधवार रात्रि लखनऊ के मलिहाबाद थाना क्षेत्र के गांव गणेशपुर निवासी नीरज की पत्नी सुमेला अपनी सास और ससुर के साथ बेगमपुरा सुपरफास्ट एक्सप्रेस से लुधियाना से लखनऊ जा रही थीं।वह नौ माह की गर्भवती थीं।नगीना पहुंचने से कुछ दूरी पहले उन्हें अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई।

इसी दौरान ट्रेन के कोच में ही उन्होंने एक पुत्र को जन्म दिया।परिजन महिला को लेकर नगीना रेलवे स्टेशन से एंबुलेंस की मदद से सीएचसी ले गए। अस्पताल के लेबर रूम में स्वास्थ्य कर्मियों ने नवजात की नाभि की नाल काटकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी की और टांके लगाए।

इसके बाद महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कर लिया गया।सीएचसी की नर्स ने बताया कि महिला का यह पहला प्रसव था।सामान्य प्रसव के दौरान उसने स्वस्थ पुत्र को जन्म दिया है।जच्चा और बच्चा दोनों का स्वास्थ्य ठीक बताया गया है।

नगीना-बढ़ापुर के 821 बूथों पर प्रकाशित हुई मतदाता सूची, नए नाम जुड़वाने के लिए विशेष अभियान 21 नवंबर से

एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं को मिलेगा मतदाता बनने का मौका, एसडीएम कार्यालय में लगेगी जागरूकता प्रदर्शनी



नगीना/बिजनौर (सब का सपना):- भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) अभियान-2026 के बाद बुधवार को नगीना और बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्रों के सभी पोलिंग बूथों पर संशोधित मतदाता सूचियों का प्रकाशन किया गया। सुबह 10 बजे से संबंधित बूथों पर बीएलओ ने मूल मतदाता सूची और पूरक नामावली उपलब्ध कराई। उप जिलाधिकारी जितेंद्र सिंह वीरवाल ने बताया कि 18 नगीना विधानसभा क्षेत्र के 401 और 19 बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के 420 पोलिंग बूथों पर मतदाता सूचियों का प्रकाशन किया गया है। पूरक नामावली में एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के साथ ही किन्हीं कारणों से मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से छूट गए पात्र लोगों को भी शामिल किया गया है।

उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित रह गए लोगों और एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं को मतदाता बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत 21 व 22 नवंबर तथा 28 व 29 नवंबर को सभी पोलिंग बूथों पर विशेष अभियान आयोजित होगा। इस दौरान बीएलओ द्वारा फार्म-6 भरवाकर पात्र युवाओं और अन्य छूटे हुए मतदाताओं के नाम सूची में शामिल किए जाएंगे।

एसडीएम ने बताया कि मतदाता जागरूकता बढ़ाने और पंजीकरण प्रक्रिया से संबंधित भ्रांतियां दूर करने के लिए 20 और 21 नवंबर को एसडीएम कार्यालय परिसर में जागरूकता प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके लिए आवश्यक पोस्टर और प्रचार सामग्री उपलब्ध हो चुकी है। प्रदर्शनी के माध्यम से कर्मचारियों के साथ आम लोगों को भी नए मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। नगीना के साथ बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र में भी जागरूकता प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए नगीना और बढ़ापुर क्षेत्र के राशन विक्रेताओं को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। राशन कार्डों के माध्यम से 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को चिह्नित कर उनका मतदाता पंजीकरण कराने में सहयोग लिया जाएगा।

एसडीएम जितेंद्र सिंह वीरवाल ने स्पष्ट किया कि एसआईआर अभियान में लगे कर्मचारियों की लापरवाही सामने आने पर संबंधित के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पत्रकारों से भी मतदाता जागरूकता अभियान में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि प्रयास किया जा रहा है कि कोई भी पात्र युवा या मतदाता अपना नाम सूची में शामिल कराने से वंचित न रह जाए।

श्री कृष्ण की सभी बाल लीलाओं का वर्णन सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

गिरिराज गोवर्धन महोत्सव की कथा सुन झूम उठे श्रोतागण, लगे जय कन्हैया लाल के जयकारे





नगीना/बिजनौर (सब का सपना):- नगर की बिश्नोई सराय पंजाबी धर्मशाला में चल रही कथा के पंचम दिवस पर कथा व्यास आचार्य पंडित कपिल कृष्ण महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की सभी बाल लीलाओं का वर्णन किया। भगवान श्री कृष्ण द्वारा कंस के भेजे गए सभी दुष्टों के वध आदि की पावन कथाएँ श्रवण कराईं, जिन्हें सुनकर श्रोतागण भावविभोर हो गए। महाराज ने बताया कि भगवान कन्हैया ने यमुना को दूषित करने वाले कालिया नाग का भी मर्दन किया। गोपियों को सांसारिक माया व प्रपंच से बाहर निकालने के लिए और अपनी भक्ति में शरणागति होने के लिए ज्ञान दिया। इसी श्रृंखला में आज की पावन कथा में विशेष पावन महोत्सव की कथा पूज्य महाराज ने गिरिराज गोवर्धन महोत्सव की कथा श्रवण कराई।इस कथा में श्रवण कराया कि इंद्र को जब अभिमान हो गया कि मेरे बिना संसार में कुछ नहीं हो सकता, तो अंत में भगवान ने उनके अभिमान का दमन किया और 7 वर्ष की अवस्था में 7 दिन 7 रात तक गिरिराज गोवर्धन पर्वत को धारण करके रखा। महाराज ने बताया जब-जब धरती पर दुष्टों का अत्याचार बढ़ेगा, भक्त लोग दुखी होंगे तो भगवान अपने भक्तों की रक्षा करने अवश्य आएंगे। जैसे भगवान कन्हैया ने इंद्र की अतिवृष्टि से ब्रजवासियों की रक्षा कर इंद्र का अभिमान तोड़ा और दुष्ट कंस का सर्वनाश किया। इत्यादि पावन कथाओं के अद्भुत प्रसंग महाराज ने श्रवण कराए। इन पावन कथाओं से सभी सनातनी भाई-बहनों में अपने सनातन धर्म की रक्षा के लिए एवं अपनी संस्कृति और सभ्यता के लिए एक अलग ही नई उमंग और जागृति आ रही है। श्रोताओं ने श्रीकृष्ण जन्म के समय "हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की" आदि खूब नारे लगाए तथा खुशी में झूमते नजर आए।

इस अवसर पर आचार्य नवनीत प्रसाद गैरोला, पंडित आशीष नौटियाल एवं संगीताचार्य मनोज उनियाल, तबला वादक अरविंद पैनुली, हिमवंत टाइम लाइव प्रसारक डॉक्टर अमरीश गोयल, चंद्र किरण गोयल, डॉ. श्वेत कमल गोयल, अदिति गोयल, नित्या गोयल, संयम गोयल, अविरल गोयल, स्वाति गोयल, कृषिभ गोयल एवं गोयल परिवार द्वारा पूजन-आरती सम्पन्न की गई और सैकड़ों श्रद्धालु भक्तजनों ने धर्म लाभ एवं प्रसाद ग्रहण किया।

लोडर को ओवरटेक करते समय बाइक की टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर

शादी समारोह से लौट रहे थे दोनों कारीगर, जिला अस्पताल में उपचार के दौरान तोड़ा दम



बिजनौर (सब का सपना):- मंडावर थाना क्षेत्र के ग्राम शाहबाजपुर के पास बुधवार देर रात करीब एक बजे गन्ना लोडर को ओवरटेक करते समय बाइक अनियंत्रित होकर लोडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे का उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस संख्या यूपी-20-बीवी-2895 पर सवार लक्ष्मी चंद (45) पुत्र छोटेलाल निवासी शहजादपुर उर्फ नांगल और अरुण (41) पुत्र घसीटा निवासी शेरपुरा, थाना नांगल, जिला बिजनौर बुधवार रात इनामपुरा में एक शादी समारोह में कारीगरी का काम निपटाकर घर लौट रहे थे। बताया गया है कि दोनों जैसे ही मंडावर थाना क्षेत्र के ग्राम शाहबाजपुर से करीब 100 मीटर आगे चंदक की ओर पहुंचे, तभी गन्ना लोडर को ओवरटेक करने के दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर लोडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर थाना पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भिजवाया। वहां उपचार के दौरान लक्ष्मी चंद ने दम तोड़ दिया, जबकि अरुण अस्पताल में भर्ती है और उसका उपचार चल रहा है।हादसे के बाद लोडर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। थाना पुलिस मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है।

डीएम ने जिला निर्वाचन कार्यालय का किया त्रैमासिक निरीक्षण, जागरूकता प्रशिक्षण आयोजित

मतदाता सूची, ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस व अभिलेखों का लिया जायजा, निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव को बताया प्राथमिकता





हापुड़ (सब का सपना):- जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी कविता मीना ने जिला निर्वाचन कार्यालय का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मतदाता सूची, ईवीएम / वीवीपैट वेयरहाउस, निर्वाचन से संबंधित अभिलेखों, रजिस्टरों एवं कार्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सभी अभिलेखों को अद्यतन एवं व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों / कर्मचारियों के लिए जागरूकता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में मतदाता सूची के शुद्धिकरण, नए मतदाताओं के पंजीकरण, मतदान प्रतिशत बढ़ाने, स्वीप (SVEEP) गतिविधियों एवं निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्वाचन से संबंधित कार्यों को पूरी निष्ठा एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करें।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचन कार्यालय के समस्त अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे।

पट्टे की जमीन पर कब्जे की आशंका, पांच ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

राजस्व न्यायालय से वाद खारिज होने के बाद भी जमीन पर कब्जे की कोशिश का आरोप, पुलिस और राजस्व टीम से सुरक्षा दिलाने की मांग



फतेहपुर (सब का सपना):- खागा तहसील क्षेत्र के ग्राम संग्रामपुर सानी में पट्टे की जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। गांव के पांच ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर अपनी जमीन पर अवैध कब्जे की आशंका जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव के एक प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि संबंधित जमीन के पट्टा निरस्तीकरण का वाद राजस्व न्यायालय से खारिज हो चुका है। मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र में गुलजारी लाल, सुमित्रा, फूलमती, विनोद और मनोज ने बताया कि उनके बाबा गोकुल पुत्र मातादीन के नाम 29 जनवरी 1976 को जमीन का पट्टा हुआ था। उनके निधन के बाद ग्राम संग्रामपुर सानी की खाता संख्या 0085 के गाटा संख्या 464 में 0.0230 हेक्टेयर भूमि उनके परिवार के नाम संक्रमणीय भूमिधर के रूप में दर्ज है।

शिकायतकर्ताओं के मुताबिक, नेशनल हाईवे से सटी होने के कारण जमीन की कीमत काफी अधिक है। आरोप है कि गांव के भीम सिंह पुत्र बैजनाथ ने उक्त पट्टे को निरस्त कराने के लिए जिलाधिकारी न्यायालय में वाद दायर किया था। हालांकि, अपर न्यायिक जिलाधिकारी ने 15 सितंबर 2026 को आदेश पारित करते हुए वाद निरस्त कर दिया। इसके बावजूद अब जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किए जाने की आशंका जताई गई है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि जमीन पर उनकी ईंट की दीवार और मवेशियों के लिए चरही बनी हुई है। वे गरीब मजदूर परिवार से हैं और प्रभावशाली लोगों के दबाव के चलते उन्हें अपनी जमीन छिनने का डर सता रहा है। शिकायतकर्ताओं ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि उनकी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा रोका जाए तथा राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम भेजकर उन्हें उनकी जमीन पर सुरक्षित कब्जा दिलाया जाए। प्रार्थना पत्र के साथ न्यायालय के आदेश और खतौनी की छायाप्रति भी संलग्न की गई है।

किसानों की आवाज सदन तक पहुंचाने के लिए बनेगा किसान एमएलसी:- आरएस पटेल

शहीद स्मृति स्थल पर कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि, किसान मेले को प्रदेश स्तर पर विस्तार देने का किया ऐलान





फतेहपुर (सब का सपना):- शाहबाजपुर जोनिहां में आयोजित 76वें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद स्मृति कार्यक्रम एवं किसान मेले में शामिल होने पहुंचे सरदार सेना के संस्थापक एवं जनहित संकल्प पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आरएस पटेल का गुरुवार को कोराईं बाईपास पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। जिलाध्यक्ष मुकेश पटेल और बिंदकी प्रभारी भामाशाह डॉ. वीरेंद्र सिंह पटेल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का काफिला शाहबाजपुर पहुंचा जहां उन्होंने क्रांतिकारियों के स्मृति स्थल पर कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके संघर्ष एवं बलिदान को याद किया इसके बाद किसान मेले में पहुंचकर सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया कार्यक्रम में राष्ट्रीय संरक्षक अविनाश काकड़े सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे पार्टी कार्यकर्ताओं ने वहां भी उनका अंगवस्त्र पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत किया इसके बाद बिंदकी प्रभारी भाभाशाह डॉ वीरेंद्र सिंह पटेल, राष्ट्रीय संरक्षक अविनाश काकड़े सहित कई वक्ताओं ने अपनी बात रखी साथ ही इसके बाद सभा को संबोधित करते हुए डॉ. आरएस पटेल ने कहा कि शहीद मेला आगे चलकर किसान मेले के रूप में नई पहचान बनाएगा

अगले वर्ष मेले में 250 दुकानों को लगाने की योजना है जिससे इसे प्रदेश के बड़े मेलों में शामिल किया जा सक उन्होंने किसानों की समस्याओं और उनके अधिकारों को सदन में मजबूती से उठाने के लिए किसान एमएलसी बनाने की योजना भी सामने रखी उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और सभी 75 जिलों में पार्टी के प्रत्याशी उतारने का आह्वान किया साथ ही बिंदकी विधानसभा क्षेत्र से भावी उम्मीदवार के रूप में भामाशाह डॉ. वीरेंद्र सिंह पटेल को जिताने की लोगो से अपील की इस दौरान उन्होंने किसानों, मजदूरों, बेरोजगारों के हितों और आरक्षण से जुड़े मुद्दों को लेकर जमकर बरसे कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता सुरेंद्र मौर्य, सरदार सेना जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पुलिस कार्यालय में एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

जनशिकायतों के निस्तारण में ढिलाई बर्दाश्त नहीं, एसपी ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

फतेहपुर (सब का सपना):- पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने गुरुवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने एक-एक फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। एसपी ने अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखा जाए, बल्कि प्रत्येक मामले की निष्पक्ष जांच कर पीड़ितों को न्याय



दिलाने का प्रयास किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक देरी न हो और फरियादियों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों की जांच करते समय दोनों पक्षों की बात सुनी जाए और तथ्यों के आधार पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाए।

पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का समाधान पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही मिलने पर संबंधित की जवाबदेही तय की जाएगी। पुलिस कार्यालय में हुई जनसुनवाई के दौरान फरियादियों ने अपनी विभिन्न समस्याएं एसपी के समक्ष रखीं, जिनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

गढ़ गंगा व तिगरी मेला को जोड़ने वाले पीपा पुल का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

पुल की मजबूती, बैरिकेडिंग, प्रकाश व आवागमन व्यवस्था का लिया जायजा, समय से काम पूरा करने के दिए निर्देश

हापुड़ (सब का सपना): बुद्धवार को गढ़ गंगा कार्तिक पूर्णिमा मेला एवं तिगरी मेला के बीच बनाए जा रहे पीपा (पैंटून पुल) का जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व मुख्य विकास अधिकारी ने निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी कविता मीना व पुलिस अधीक्षक मधुबन कुमार सिंह के द्वारा गढ़ गंगा मेला एवं तिगरी मेला को जोड़ने हेतु बन रहे पीपा (पैंटून पुल) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पुल की सुरक्षा



व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पुल के निर्माण कार्य की प्रगति, मजबूती, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था एवं आवागमन की व्यवस्था की संबंधित अधिकारी से जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि पुल का निर्माण कार्य समय से एवं निर्धारित मानकों के अनुसार पूर्ण किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने पुल पर सुरक्षा हेतु पर्याप्त पुलिस बल, गोताखोर एवं एनडीआरएफ की टीम तैनात की जाए तथा ओवरलोडिंग पर पूर्ण रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि इस पुल से दोनों मेलों के बीच श्रद्धालुओं का आवागमन सुगम होगा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



'गन मास्टर जी9' में दिखेगा अपारशक्ति का खतरनाक अवतार

जब भी अपारशक्ति खुराना का नाम आता है, तो सबसे पहले स्त्री के प्यारे और मजेदार दोस्त बिट्टू की याद आती है, जो 'सॉफ्ट चिट्ठी, वॉर्म चिट्ठी' कहते नजर आते हैं। लेकिन अब अपारशक्ति ने अपने इस पुराने अंदाज को पीछे छोड़ दिया है। 'गन मास्टर जी9' में वह एक ऐसे खतरनाक विलेन के रूप में नजर आने वाले हैं, जिसे देखकर अच्छे-अच्छों के पसीने छूट जाएं!

फिल्म का शानदार ट्रेलर रिलीज हो चुका है और इसमें अपारशक्ति का ऐसा रूप देखने को मिला है, जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। इतना तो तय है कि फिलहाल बिट्टू की मासूमियत को भूल जाइए, क्योंकि अब पर्दे पर उनका खतरनाक अंदाज छाने वाला है।

फिल्म में अपारशक्ति की पहली झलक से ही साफ हो जाता है कि वह इस बार एक अलग ही रूप में नजर आने वाले हैं। उनकी डरावनी नजरें, चेहरे के भाव और डायलॉग बोलने का अंदाज उनके किरदार को और भी खतरनाक बनाता है। सिर्फ इतना ही नहीं, एक्शन के मामले में भी वह किसी से पीछे नहीं हैं। उनके लड़ाई वाले दृश्य और जबरदस्त अंदाज उनके किरदार में एक अलग ही रोमांच पैदा करते हैं। फिल्म में अपारशक्ति, इमरान हाशमी के लिए सबसे बड़ा खतरा बनकर सामने आते हैं। ऐसे में दोनों के बीच होने वाली टक्कर को पर्दे पर देखना काफी दिलचस्प होने वाला है। अपारशक्ति का लुक भी उनके इस नए किरदार को खास बनाता है। कंधों तक लंबे और बिखरे हुए बाल, रंग-बिरंगी प्रिंट वाली शर्ट, धातु के फ्रेम वाला चश्मा और बोलने का अलग अंदाज उनके किरदार को एकदम देसी और खुरदरा रूप देते हैं। खास बात यह है कि अपारशक्ति अपने किरदार को दमदार बनाने के लिए न तो किसी बड़े फिल्मी अंदाज में एंट्री लेते हैं और न ही ऊंची आवाज में चिल्लाते हैं। उनका अंदाज और उनका बेखौफ व्यक्तित्व ही उनकी मौजूदगी का एहसास करा देता है। ट्रेलर देखकर तो यही लगता है कि बॉलीवुड में अब विलेन के किरदारों को एक नए अंदाज में पेश किया जा रहा है और अपारशक्ति इस बदलाव की एक शानदार मिसाल बनने वाले हैं! 'गन मास्टर जी9 आगामी 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



साउथ एक्टर्स को हिंदी एक्सेंट के लिए ट्रोल करना 'बिल्कुल सही नहीं' है

'जेलर 2' की एक्ट्रेस अपेक्षा पोरवाल ने कहा कि साउथ इंडियन एक्टर्स को उनके हिंदी एक्सेंट के लिए ट्रोल किया जाना 'बिल्कुल सही नहीं' है। खास बातचीत में अपेक्षा ने बताया कि मजाक उड़ाने के बजाय एक्टर की मेहनत पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग एक्टर्स को ट्रोल कर रहे हैं, अगर उनसे कहा जाए तो शायद वे खुद भी कोई दूसरी भाषा नहीं बोल पाएंगे।

अपेक्षा से पूछा गया, 'आजकल, साउथ इंडियन एक्टर्स को अक्सर सोशल मीडिया पर उनके हिंदी एक्सेंट और बोलने के तरीके के लिए ट्रोल किया जाता है। आप इस ट्रेंड को कैसे देखती हैं? क्या उन आर्टिस्ट्स का मजाक उड़ाना सही है, जो दूसरी भाषा में बात करने की कोशिश कर रहे हैं?'

यह समझाते हुए कि जिस भाषा को आप अच्छी तरह नहीं जानते, उसमें काम करना कितना मुश्किल है, उन्होंने आईएएनएस को बताया, 'हमें यह समझना चाहिए कि जब कोई किसी खास भाषा में कम्फर्टेबल नहीं होता, लेकिन फिर भी उसे सीखने और बोलने की कोशिश कर रहा होता है, तो हमें उस कोशिश की तारीफ करनी चाहिए, न कि उस पर हंसना या उसे ट्रोल करना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'मुझे यकीन है कि अगर इन्हीं ट्रोल्स से दूसरी भाषा बोलने के लिए कहा जाए, तो शायद वे खुद ऐसा नहीं कर पाएंगे। जब कोई कड़ी मेहनत कर रहा हो और कोशिश कर रहा हो, तो उसकी तारीफ होनी चाहिए, बुराई नहीं।'

एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना को हाल ही में अपने हिंदी एक्सेंट के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा था। चैट शो 'कॉफी विद करण' के सीजन 9 में आने के दौरान 'एनिमल' फेम एक्ट्रेस ने बताया कि अपने पूरे करियर में उन्हें अपने एक्सेंट को लेकर आलोचना का सामना करना पड़ा है। हालांकि, रश्मिका ने कहा कि उन्होंने कभी भी आलोचना को अलग-अलग फिल्म इंडस्ट्री और भाषाओं में काम करने से रोकने नहीं दिया। रश्मिका ने बताया कि साउथ इंडिया से होने की वजह से उनका एक्सेंट नेचुरली आता है। एक्ट्रेस ने आगे जोर देकर कहा कि वह खुद को एक इंडस्ट्री तक लिमिट करने के बजाय कई भाषाओं में काम करना चाहती हैं।

नील आपको यह एहसास नहीं होने देते कि आप किसी सीनियर अभिनेता के साथ काम कर रहे हैं



अभिनेत्री कशिका कपूर सॉन्ग 'बेवफा से' में नील नितिन मुकेश के साथ नजर आ रही हैं। उनके साथ काम करने के अनुभव को शेयर करते हुए कशिका ने बताया कि वह कभी आपको यह एहसास नहीं होने देते कि आप किसी सीनियर अभिनेता के साथ काम कर रहे हैं। अभिनेत्री कशिका कपूर ने बातचीत में अभिनेता नील नितिन मुकेश के साथ काम करने के अनुभव को मजेदार बताते हुए कहा, 'किसी सीनियर एक्टर से आपको हमेशा कुछ न कुछ सीखने को मिलता है और नील को इंडस्ट्री में कई साल काम करने का काफी अनुभव है। यह एक शानदार सीखने वाला अनुभव था और हमने खूब मस्ती भी की। कभी ऐसा लगा ही नहीं कि मैं किसी इतने सीनियर एक्टर के साथ काम कर रही हूं।' अभिनेत्री ने बताया कि शूट होने से पहले उन्हें गाने के बारे में ज्यादा बातें नहीं बताई गई थीं। उन्होंने कहा, 'नील नितिन मुकेश के आने से कुछ महीने पहले ही यह प्रोजेक्ट लॉक हो गया था, लेकिन हमें नहीं पता था कि यह गाना सच में बनेगा या इसका कॉन्सेप्ट क्या होगा। आखिर में जब नील नितिन मुकेश फाइनल हुए तो मेकर्स ने गाने की धुन को देखते हुए इसमें एक डांस नंबर जोड़ने का फैसला किया। हमने रिहर्सल शुरू की और सब कुछ काफी अच्छा हुआ। तभी कहानी भी तैयार हुई।'

कशिका कपूर ने बताया, 'मुझे उम्मीद थी कि गाना लोगों को पसंद आएगा, लेकिन जो रिस्पॉन्स मिल रहा है, वो कमाल का है। मुझे लगता है जेन जी इस कहानी से इसलिए जुड़ रहे है, क्योंकि हमारी जनरेशन में ऐसी चीजें काफी आम होती जा रही हैं। ओपन रिलेशनशिप और धोखा जैसी चीजें हम अपने आसपास देखते हैं और शायद यही वजह है कि दर्शक इस गाने से इतना जुड़ाव महसूस कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'लोगों ने हमारे गाने को खुले दिल से अपनाया है और इतना प्यार दिया है। मैं इस रिस्पॉन्स के लिए बहुत आभारी हूं। लोग मेरे डांस और एक्सप्रेशन्स की तारीफ कर रहे हैं और मुझे लगता है सबको यह गाना पसंद आ रहा है। यही हमारी सबसे बड़ी कामयाबी है।





ग्लोबल म्यूजिक स्टेज पर दोसांझ, दुआ लीपा और मैडोना संग परफॉर्म करेंगे दिलजीत दोसांझ

पंजाबी म्यूजिक का जलवा अब दुनियाभर में देखने को मिल रहा है। सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ एक बार फिर अपने म्यूजिक से इंटरनेशनल स्टेज पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। दिलजीत दुनिया के सबसे बड़े म्यूजिक फेस्टिवल्स में शामिल कोचेला वैली म्यूजिक एंड आर्ट्स फेस्टिवल 2027 में परफॉर्म करते नजर आएंगे। फेस्टिवल के आयोजकों ने अगले साल होने वाले इस इवेंट की कलाकारों की लिस्ट जारी कर दी है, जिसमें दिलजीत के साथ दुआ लीपा, टेम इम्पाला और एसजेडए जैसे बड़े नाम शामिल हैं। इसके अलावा पॉप म्यूजिक की दिग्गज सिंगर मैडोना, जेआईएसओ, फोएबे ब्रिजर्स और रोबिन भी इस फेस्टिवल का हिस्सा होंगी। कोचेला 2027 का आयोजन कैलिफोर्निया के इंडियो स्थित एम्पायर पोलो क्लब में होगा। यह फेस्टिवल दो वीकेंड में आयोजित किया जाएगा। पहला वीकेंड 9 से 11 अप्रैल और दूसरा वीकेंड 16 से 18 अप्रैल तक चलेगा। इस बार शुक्रवार को दुआ लीपा, शनिवार को टेम इम्पाला और रविवार को एसजेडए हेडलाइनर के तौर पर परफॉर्म करेंगे। तीनों कलाकार अपने अलग-अलग म्यूजिक स्टाइल के लिए जाने जाते हैं। जहां दुआ लीपा अपने पॉप म्यूजिक से दर्शकों का मनोरंजन करेंगी, वहीं टेम इम्पाला साइकेडेलिक रॉक और एसजेडए आरएंडबी म्यूजिक का रंग जमाएंगी।

2023 में भी कोचेला का हिस्सा बने थे दिलजीत

भारतीय फैंस के लिए इस बार दिलजीत दोसांझ का नाम लिस्ट में शामिल होना खास है। दिलजीत इससे पहले साल 2023 में भी कोचेला फेस्टिवल में परफॉर्म कर चुके हैं। उस समय उन्होंने पंजाबी भाषा में गाने गाकर दुनियाभर के दर्शकों का ध्यान खींचा था। वह इस फेस्टिवल के मंच पर परफॉर्म करने वाले शुरुआती पंजाबी भाषा के कलाकारों में शामिल थे। अब 2027 में उनकी वापसी से एक बार फिर पंजाबी म्यूजिक को इंटरनेशनल पहचान मिलने की उम्मीद है।

मैडोना समेत ये बड़े कलाकार भी आएंगे नजर

इस बार कोचेला की लिस्ट में पॉप म्यूजिक की दिग्गज सिंगर मैडोना का नाम भी शामिल है। वह शुक्रवार को डांस टेंट में परफॉर्म करेंगी। वहीं डैडी यांकी को 'इन द डेजर्ट' स्पेशल बिलिंग दी गई है। इलेक्ट्रॉनिक म्यूजिक की मशहूर जोड़ी जस्टिस भी अपने गाने 'ब्लाइंडेड बाय द लाइट्स' के साथ बंकर में डेब्यू करेगी। फेस्टिवल के पहले दिन यानी शुक्रवार को जारा लार्सन, स्टीव लैसी, जेआईएसओ, पैगी गू, केलेनी, लियोन थॉमस और जॉर्जियो मोरोडर जैसे कलाकार परफॉर्म करेंगे। वहीं शनिवार को फोएबे ब्रिज, वीजर, रोबिन, मैनेस्किन, एनसीटी, लियोन ब्रिजेस, टिएस्टो, मार्टिन गैरिक और अंडरवर्ल्ड जैसे नाम शामिल हैं। रविवार को डॉन टॉलिवर, डोम डॉला, कायगो, एम्पायर ऑफ द सन, फोर टेट, द नेबरहुड, बेकी जी, बेबीमॉन्स्टर, विक्टोरिया मोनेट और जोरजा स्मिथ अपनी परफॉर्मेंस देंगे।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।
संपादक-अनुज कुमार, R.N.I. No.-UPHIN/2023/86483, मो0.945688 4327, E-mail-officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।